झारखण्ड देखो

Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition

www.jharkhanddekho.com | वर्ष 01 • अंक 188 • दुमका • शुक्रवार, 16 जुलाई 2021 • पृष्ठ 6 | Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com

सतन आश्रम ट्रस्ट, धधकिया द्वारा संचालित

सतन आश्रम गुरुकुलम

रामगोपाल शर्मा

आपके बच्चों का उज्जवल भविष्य

नए सत्र में नवम् एवं दशम् वर्ग शुरू हो रहा है।

कक्षा - बाल वर्ग से अष्टम् वर्ग तक

माध्यम - हिन्दी एवं अंग्रेजी

(सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम)

कम्प्यूटर | मध्यान भोजन | प्रयोगशाला

फिनलैंड एवं भारतीय संस्कृति के माध्यम से अनुभवी शिक्षक द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था

सत्र 2020-21 के लिए नामांकन प्रारंभ है।

• स्थान : सतन आश्रम, रामगोपाल शर्मा, धधकिया • सम्पर्क नं. - 8409399342, 7903712653 • www.rgsgurukulam.com

संक्षिप्त समाचार

राजद्रोह कानून को सुप्रीम कोर्ट ने बताया अंग्रेजों के जमाने का

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राजद्रोह संबंधी औपनिवेशिक काल के दंडात्मक कानून के दुरुपयोग पर गुरुवार को चिंता व्यक्त की और प्रावधान की वैधता को चुनौती देने वाली 'एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया' की याचिका समेत याचिकाओं के समूह पर केंद्र से जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि उसकी मुख्य चिंता ''कानून का दुरुपयोग है और उसने पुराने कानूनों को निरस्त कर रहे केंद्र से सवाल किया कि वह इस प्रावधान को समाप्त क्यों नहीं कर रहा। न्यायलय ने कहा कि राजद्रोह कानून का मकसद स्वतंत्रता संग्राम को दबाना था, जिसका इस्तेमाल अंग्रेजों ने महात्मा गांधी और अन्य को चुप कराने के लिए किया था। इस बीच, अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने प्रावधान की वैधता का बचाव करते हुए कहा कि राजद्रोह कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए कुछ दिशानिर्देश बनाए जा सकते हैं।

सुविचार

डर कमजोरी की सबसे बड़ी निशानी है

● विवेकानंद

गुड मॉर्निंग

एक पागल खाली पेपर को बार-बार देख रहा था...!
दूसरा पागल - ये क्या है...?
पहला - लव लेटर है...!
दूसरा - मगर ये तो खाली है..!!

बिजनेस

सेंसेक्स

53,158.85+254.80 (0.48%)

निफ्टी

15,924.20+70.25 (0.44%)

दैनिक पंचांग

तिथिः षष्ठी - 06:06 ए एम तक
योगः परिघ - 09:43 ए एम तक
करणः तैतिल - 06:06 ए एम तक
द्वितीय करणः गर - 05:22 पी एम तक
पक्षः शुक्ल पक्ष
वारः शुक्रवार

काशी को मोदी का तोहफा करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

वाराणसी/एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में करोड़ों रुपयों की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने बनारसियों का दिल जीत लिया। पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत भोजपुरी में की। उन्होंने भारत माता की जय और हर-हर महादेव बोलते हुए अपनी बात शुरू की। कहा कि लंबे समय बाद आप सब लोगन से सीधी मुलाकात का अवसर मिलल हो। काशी के सभी लोगन के प्रणाम। हम समस्त लोग के दुख हरे वाले भोलेनाथ, माता अन्नपूर्णा के चरण में भी शीश झुकावत ही।

इससे पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि काशी तो साक्षात शिव ही है। अब जब पिछले 7 सालों में इतनी सारी विकास परियोजनाओं से काशी का श्रृंगार हो रहा है, तो ये श्रृंगार बिना रुद्राक्ष के कैसे पूरा हो सकता था?

अब जब ये रुद्राक्ष काशी ने धारण कर लिया है, तो काशी का विकास और ज्यादा चमकेगा और ज्यादा काशी की शोभा बढ़ेगी।



मुझे पूरा विश्वास है कि महादेव के आशीर्वाद से आने वाले दिनों में ये सेंटर काशी की नई पहचान देगा और काशी के विकास को नई गति देगा।

रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर के निर्माण में मदद करने वाले जापान की तारीफ करते हुए मोदी ने कहा कि आज के कार्यक्रम में एक और नाम लेना मैं भूल नहीं सकता हूं। जापान के ही मेरे मित्र शिंजो आबे जी। रुद्राक्ष के आइडिया पर उनसे मेरी लंबी चर्चा हुई है। उन्होंने तुरंत ही अपने अधिकारियों से इस आइडिया पर काम करने को कहा। उनका कल्चर है परफेक्शन और प्लानिंग। इसके साथ इस पर काम शुरू हुआ और आज ये भव्य इमारत काशी की शोभा बढ़ा रही है।

● स्वास्थ्य सेवाओं में इजाफा

मोदी ने इंसेफ्लाइटिस सहित कई बीमारियों की चर्चा की। बताया कि आज प्रदेश में मेडिकल कालेज चार गुना हो चुका है। संसाधनों में तेजी से इजाफा हो रहा है। बनारस में ही चौदह आक्सीजन प्लांट का लोकार्पण हुआ है। बच्चों के लिए विशेष आक्सीजन और आईसीयू विकसित करने का बीड़ा यूपी सरकार ने उठाया है। कोरोना की स्वास्थ्य सेवाओं का विशेष पैकेज घोषित किया है। पूर्वांचल मेडिकल का हब बन रहा है। महिलाओं और बच्चों की चिकित्सा से जुड़े अस्पताल बनारस को मिले हैं। सौ बेड बीएचयू और 50 बेड जिला अस्पताल में जुड़ रहे हैं। नेत्र संस्थान में आंखों से जुड़ी बीमारियों का लाभ भी मिल पाएगा।

काशी के सभी लोगन के प्रणाम, लंबे समय बाद मिलल ह मुलाकात के अवसर : पीएम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को काशी की जनता को संबोधित किया। मोदी 3 महीने बाद जनता से सीधे रूबरू हुए हैं। इससे पहले 17 अप्रैल को उन्होंने बंगाल चुनाव के प्रचार के लिए आसनसोल और गंगारामपुर में फिजिकली रैलियां की थीं। इसके बाद 22 और 23 अप्रैल को भी मोदी का संबोधन होना था, लेकिन कोरोना के बढ़ते मामलों की वजह से इन कार्यक्रमों को वर्चुअल करना पड़ा था। इधर काशी में प्रधानमंत्री ने गुरुवार को 1500 करोड़ की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। लेकिन अपने भाषण में उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की जमकर तारीफ की तो विपक्ष पर निशाना भी साधा।

मोदी ने भारत माता की जय और हर-हर महादेव बोलते हुए अपनी बात शुरू की। उन्होंने काशी के लोगों से भोजपुरी में बात करते हुए कहा, 'लंबे समय बाद आप सब लोगन से सीधी मुलाकात का अवसर मिलल हो। काशी के सभी लोगन के प्रणाम। हम समस्त लोग के दुख हरे वाले भोलेनाथ, माता अन्नपूर्णा के चरण में भी शीश झुकावत अही।'

झ प्रधानमंत्री ने कहा, बीते कुछ महीने पूरी मानव जात के लिए बहुत मुश्किल भरे रहे हैं। कोरोना के बदलते हुए और खतरनाक रूप ने पूरी ताकत के साथ हमला किया, लेकिन काशी सहित यूपी ने पूरे सामर्थ्य के साथ इतने बड़े संकट का मुकाबला किया।

यूपी जिसकी आबादी दुनिया के बड़े-बड़े देशों से भी ज्यादा हो उस यूपी ने जिस तरह कोरोना की सेकेंड वेव को संभाला वह अभूतपूर्व है। वरना यूपी के लोगों ने वह दौर भी देखा है जब दिमागी बुखार का सामना करने में कितनी मुश्किलें आती थीं।

लोगों की सुख-सुविधा और राज्य का विकास एकमात्र लक्ष्यः राज्यपाल

रांची। एजेंसी

झारखंड के दसवें राज्यपाल के रूप में रमेश बैस ने बुधवार दोपहर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उन्हें राज भवन स्थित बिरसा मंडप में आयोजित समारोह में झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ. रवि रंजन ने झारखंड के राज्यपाल के पद की शपथ दिलाई। इससे पूर्व मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने राष्ट्रपति भवन द्वारा राज्यपाल की नियुक्ति से संबंधित वारंट को पढ़ा। शपथ ग्रहण के बाद राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। उन्होंने शपथ ग्रहण के बाद मीडिया से कहा कि उनका एक मात्र उद्देश्य झारखंड के लोगों की सुख-सुविधा के लिए काम करना और झारखंड की विकास में भूमिका निभाना होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, सत्यानन्द भोक्ता, चम्पई सोरेन, जोबा मांझी, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, सांसद संजय सेठ एवं दीपक प्रकाश, रांची नगर निगम की महापौर आशा लकड़ा, झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, विकास आयुक्त अरुण सिंह, पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा, महानिदेशक, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन एमवी राव, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव शैलेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल एवं निगरानी विभाग वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

पंजाब कांग्रेस में चल रही सियासी हलचल को शांत करने की कवायद तेज, सिद्धू बनेंगे प्रदेश अध्यक्ष!

नई दिल्ली/एजेंसी।

विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब कांग्रेस में चल रही सियासी हलचल अब शायद कम को जाए।मिली जानकारी के अनुसार अब पार्टी आलाकमान नवजोत सिंह सिद्धू को प्रदेश अध्यक्ष बनाने के लिए तैयार हो गई है। बताया जा रहा है कि पार्टी के इस फॉर्मूले से सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू के बीच सुलह हो सकता है। कांग्रेस पार्टी में चल रही सियासी

अनबन के बीच पार्टी के इस फैसले से सिद्धू गुट में संतुष्टि जाहिर की गई है। बता दें, कांग्रेस पार्टी की ओर से एक सुलह कमिटी बनाई गई थी।

उत्तर 24 परगना से भारी मात्रा में विस्फोटक और गोला बारुद बरामद

कोलकाता/एजेंसी।

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारी मात्रा में विस्फोटक और गोला बारुद बरामद किए गए तथा तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि एक खुफिया सूचना के आधार पर पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने कोलकाता से करीब 30 किलोमीटर दूर शासन से बुधवार को इन लोगों को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 10 किलोग्राम विस्फोटक,

20 राउंड गोलियां और 40,000 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया, ''हम यह पता लगाने के लिए उनसे पूछताछ कर रहे हैं कि उनकी योजना क्या है और वे किसके लिए काम कर रहे थे। हम यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या उनका संबंध कि किसी अंतर राज्यीय या अंतरराष्ट्रीय आतंकी समूहों से तो नहीं है।'' उन्होंने बताया कि जांचकर्ता यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या उनका संबंध रविवार को कोलकाता में गिरफ्तार किए गए जेएमबी आतंकवादियों से है।

केन्द्रीय कर्मचारियों का तोहफा

केंद्रीय कर्मियों को डबल फायदा, डीए के बाद बढ़ेगा एचआरए

नयी दिल्ली/एजेंसी।

केंद्र सरकार के कर्मियों को डबल फायदा मिलने जा रहा है। 28 फीसदी की दर से महंगाई भत्ता और महंगाई राहत दिए जाने की घोषणा के बाद अब सरकारी कर्मियों के हाउस रेंट अलाउंस यानी 'एचआरए' में भी इजाफा हो सकता है। महंगाई भत्ते की दरों में बढ़ोतरी के साथ ही एचआरए में वृद्धि होने का नियम है। मौजूदा समय में 'एक्स' श्रेणी वाले शहरों में जिन कर्मियों की पोस्टिंग है, उन्हें अपने मूल वेतन का 24 फीसदी एचआरए मिलता है। 'वाई' श्रेणी वालों को 16 फीसदी और 'जेड' श्रेणी वाले शहरों में कार्यरत स्टाफ को 8 फीसदी एचआरए दिया जाता है। डीए

बढ़ने के बाद अब इन तीन श्रेणियों वाली जगहों पर कार्यरत कर्मियों का एचआरए बढ़ाया जा सकता है। बढ़ोतरी के बाद 'एचआरए' की नई दरें 27 फीसदी (एक्स सिटी), 18 फीसदी (वाई सिटी) और नौ फीसदी (जेड सिटी) हो जाएंगी।

वित्त मंत्रालय का नियम है कि महंगाई भत्ता बढ़ने के साथ ही एचआरए में वृद्धि होती है। जब महंगाई भत्ते की दर 25 फीसदी से ऊपर चली जाएगी तो हाउस रेंट अलाउंस नौ फीसदी, 18 फीसदी और 27 फीसदी होगा। अगर महंगाई भत्ते की दर 50 फीसदी से ऊपर चली जाती है तो एचआरए में 10, 20 और 30 फीसदी के हिसाब से बढ़ोतरी की जाएगी। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक के बाद 28 फीसदी की दर से डीए देने की घोषणा हुई है।

डीए की बढ़ोतरी दर 25 फीसदी से ऊपर है, लेकिन 50 फीसदी से नीचे है, इसलिए यहां पर कर्मियों को एचआरए 25 फीसदी वाले नियम के हिसाब से मिलेगा। यानी एक्स श्रेणी वाले शहरों में रह रहे कर्मियों को 27 फीसदी, वाई श्रेणी वाले शहरों के लिए 18 फीसदी और जेड श्रेणी में शामिल शहरों में रहने वाले कर्मियों को 9 फीसदी दर से एचआरए मिलेगा। दिल्ली, एक्स क्लास शहरों की सूची में शामिल है। साल 2017 में वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा जारी 'ओएम' में इस बाबत एक विशेष आदेश जारी किया गया था। इसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार के कर्मी जो फरीदाबाद, गाजियाबाद, नोएडा और गुरुग्राम में कार्यरत हैं, उन्हें भी 'एक्स' श्रेणी के तहत एचआरए मिलेगा।

इसी तरह जालंधर वाई श्रेणी में आता है। जालंधर कैंट, शिलांग, गोवा व पोर्ट ब्लेयर को भी वाई श्रेणी में शामिल किया गया है। चंडीगढ़ वाई श्रेणी में आता है, इसलिए उसके साथ लगते पंचकुला और एसएएस नगर यानी मोहाली में कार्यरत केंद्रीय कर्मियों को वाई श्रेणी के तहत ही एचआरए मिलेगा। इस सूची में कई अन्य शहर भी शामिल हैं।

एचआरए को लेकर आर्मी पर्सनल और रेलवे कर्मियों के लिए संबंधित मंत्रालय यानी रक्षा मंत्रालय और रेलवे मंत्रालय आदेश जारी करते हैं। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के अनुसार, एचआरए देने के लिए कर्मी के मूल वेतन यानी 'बेसिक पे' को ही आधार बनाया जाता है। पे मेट्रिक्स के हिसाब से कर्मी को जितना मूल वेतन मिलता है, उसी पर एचआरए मिलता है। खास बात ये है कि मूल वेतन में नॉन प्रेक्टिसिंग अलाउंस, मिलिट्री सर्विस पे और दूसरी तरह के वेतन भत्ते जैसे 'स्पेशल पे' आदि शामिल नहीं किया जाते। एचआरए केवल 'बेसिक पे' के अनुसार ही मिलता है।

आवश्यकता

झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी ज़िलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

संपर्क करें -9955599136

सरकार की योजनाओं का लाभ सभी योग्य लाभुकों को मिले- उपायुक्त ने कहा

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका । उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दुमका की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं का लाभ सभी योग्य लाभुकों को मिले इसे सुनिश्चित करें। जब तक योग्य लाभुकों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा तब तक योजना सही मायने में सफल नहीं होगी।सरकार की योजना का लाभ जिन लाभुकों को मिलना है,उन्हें ससमय योजना का लाभ मिले इसे ध्यान में रखते हुए कार्य करने की जरूरत है।

पीडीएस डीलर निहित प्रपत्र में लाभुक को अपने स्तर से सत्यापित करें। उन्होंने कहा कि लोगों को राशन लेने के लिए अधिक दूर नहीं जाना पड़े इसे ध्यान में रखते हुए लाभुकों को नजदीकी पीडीएस दुकान से जोड़ा जाय लेकिन इस दौरान लाभुक की राय अवश्य ले ली जाय। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में लाभुक को निर्धारित राशन से कम राशन ना मिले इसे सुनिश्चित करें। पीएच व अंत्योदय कार्ड तथा ग्रीन कार्ड के माध्यम से जिस मात्रा में राशन लाभुक को उपलब्ध कराई जानी है वह ससमय हो इसका ध्यान रखा जाय।

उपायुक्त ने कहा कि पहाड़िया परिवार ससमय राशन मिले इसे सुनिश्चित करें। पहाड़िया समाज से संबंधित कोई समस्या हो इसका निराकरण शीघ्र करें अगर निराकरण में किसी प्रकार की कोई कठिनाई हो रही हो तो तुरंत उपायुक्त कार्यालय को सूचित करें। उन्होंने कहा कि वैसे पीडीएस डीलर जिनके कार्यक्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क से संबंधित समस्या है तो इसकी सूचना उपायुक्त कार्यालय को दी जाए ताकि इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इस दौरान उपायुक्त ने सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

उपायुक्त दाल भात केंद्र की भी समीक्षा की।कहा कि वर्तमान में 14 दाल भात केंद्र जिले में चल रहे हैं उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द गोपीकंदर तथा रानेश्वर में दाल भात केंद्र चालू कराया जाए। दाल भात केंद्र ऐसी जगह खोली जाए जहां श्रमिकों को लाभ मिल सके। उपायुक्त ने कहा कि पूरे तत्परता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें ताकि लोगो की समस्या को दूर किया जा सके। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित संबंधित विभाग के प्रखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

उपायुक्त ने जिला जन पुस्तकालय का किया निरीक्षण

● निरीक्षण के क्रम में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

दुमका ।(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। ज्ञानवर्धक एवं प्रतियोगी पुस्तकों का जीवन में बड़ा महत्व है। ऐसी पुस्तकों के अध्ययन करने के व्यक्तिगत निखार में भी काफी सुधार होता है। यह बात दुमका उपायुक्त ने जिला जन पुस्तकालय का निरीक्षण करने उपरांत कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है। शिक्षित व्यक्ति ही समाज व राष्ट्र के नव निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। उपायुक्त ने पुस्तकालय में रीडिंग हाल में और बेहतर सुविधा देने के निर्देश दिए। पुराना रिकार्ड और अखबार को अलग से व्यवस्थित करें। अलमारियों में नई और पुरानी किताबों की छंटनी करके उन्हें अलग-अलग रखा जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि ज्ञानवर्धक एवं प्रतियोगी पुस्तकों की उचित व्यवस्था की जिला जन पुस्तकालय में की जाए।

पुस्तकालय में बिजली, पानी की व्यवस्था सहित छात्रो के बैठने हेतु टेबल, कुर्सी की समुचित व्यवस्था करने का निदेश दिया। विभिन्न प्रकार के शिक्षण बुक के साथ-साथ प्रतियोगिता परीक्षा संबंधित बुक, न्यूज पेपर, मैगजीन की भी सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। जिला शिक्षा पदाधिकारी को पुस्तकालय में विद्यार्थियों के अनुरूप आवश्यक पुस्तकें- पुस्तकालय में उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समुचित साफ सफाई पर ध्यान देने का निदेश दिया। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

मीडिया का रोल महत्वपूर्ण-डीसी

दुमका ।(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु अखबार में छपी खबर पर संज्ञान लेने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। जिला प्रशासन ऐसी खबरों को सकारात्मक रूप में लेते हुए हर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का कार्य कर रहा है। सभी के सहयोग से दुमका जिला को और बेहतर बनाने का कार्य किया जायेगा उक्त बातें समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दुमका ने कही। उन्होंने कहा कि मीडिया का रोल महत्वपूर्ण है। वर्तमान समय में मीडिया की उपयोगिता, महत्त्व एवं भूमिका निरंतर बढ़ती जा रही है।

अब महिलाएं खेती के क्षेत्र में भी बनेंगी आत्मनिर्भरः नलिन सोरेन

● महिलाएं अब खेत में ट्रैक्टर चलाती दिखेंगी

दुमका।(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। भूमि संरक्षण कार्यालय परिसर में गुरुवार को कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना के तहत स्वयं सहायता समूह की पांच महिलाओं को 80 फीसद अनुदान पर ट्रैक्टर दिया गया।महिलाओं को ट्रैक्टर की चाबी देने के बाद विधायक नलिन सोरेन ने कहा कि झारखंड कृषि प्रधान देश है। सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। दीदी समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण देने के बाद ट्रैक्टर दिया गया है, ताकि वे भी खेती कर खुद को आत्मनिर्भर बना सकें। महिलाएं अब खेत में ट्रैक्टर चलाती दिखेंगी।

जिला परिषद अध्यक्ष जोयस बेसरा ने कहा कि आने वाले दिनों में महिलाएं भी खेती करती दिखेंगी। अब महिला किसी मायने में पुरुष से कम नहीं है। भूमि संरक्षण पदाधिकारी सुबोध प्रसाद सिंह ने कहा कि 80 फीसद अनुदान पर सदर प्रखंड के चंपा बाग, क्योंदाढ़ी जीवन झरना, लाल चींटी आजीविका, सूरजमुखी आजीविका व दुलार झरना सिंह स्वयं सहायता समूह की काठीकुंड की महिलाओं को ट्रैक्टर दिया गया है। कहा कि आने वाले दिन में पावर टिलर व कृषि यंत्र का वितरण किया जाएगा। जिन समूह को ट्रैक्टर दिया गया है, उन्हें केवल 20 फीसद अनुदान राशि संबंधित कंपनी के खाते में जमा करनी है और बाकी 80 फीसद राशि सरकार देगी। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को सबल बनाना है। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी सबन गुड़िया, संयुक्त कृषि निदेशक अजय कुमार सिंह, क्षेत्र परीक्षक शशि भूषण सिंह, दिलीप मिस्त्री व नीरज कुमार मौजूद थे।

बीडीओं और एमओआईसी द्वारा कालाजार प्रभावित क्षेत्रों का किया गया निरीक्षण

दुमका ।(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दुमका के निदेशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रथम चिकित्सा पदाधिकारी, दुमका द्वारा सदर प्रखण्ड, दुमका अन्तर्गत कालाजार प्रभावित मुड़भंगा पंचायत के घटवाल टोला का निरीक्षण किया गया। विदित हो कि अभी हाल में ही घटवाल टोला में कालाजार के दो मरीज मिले है जिनका ईलाज सदर अस्पताल, दुमका में चल रहा है। दोनों मरीज के घर और 500 मीटर के दायरे में सभी घरों में फोकल स्प्रे किया जा रहा है। कई दिनों से बुखार से पीड़ित एक ग्रामीण का प्रथम चिकित्सा पदाधिकारी, दुमका द्वारा जाँच भी किया गया। जिसमें कालाजार का कोई लक्षण नहीं पाया गया। पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को यह निदेश दिया गया है कि घटवाल टोला के वैसे सभी ग्रामीणों की सूची तैयार करें जिन्हें प्रधानमंत्री आवास या अन्य आवास योजना का लाभ नहीं मिला है और कच्चे मकान में रहते हैं। उन्हें आवास का लाभ दिया जाएगा। बालू मक्खी कम रोशनी वाली और नम जगहों- जैसे कि मिट्टी की दीवारों के दरारों चूहों के बिलों तथा कम मिट्टी जिसमें बहुत से जैविक तत्व और उच्च भूमिगत जल स्तर हो, आदि में पनपती है। ऐसे में कालाजार फेलने की संभावना अधिक होती है।

चेम्बर ने नवनियुक्त उपायुक्त का किया स्वागत

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका। चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चार सदस्यीय शिष्टमंडल ने नवनियुक्त उपायुक्त रविशंकर शुक्ला को पुष्प गुच्छ दे उनका स्वागत किया और उपायुक्त को चेम्बर द्वारा कोरोना काल में जनहित में किये गये कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। और आगे भी जिला प्रशासन को हर संभव सहयोग देने की बात कही। वही उपायुक्त ने मिलने गए चेम्बर के प्रतिनिधियों को कहा कि जिले में कोई भी समस्याएं एवं शिकायत हो तो बेझिझक मुझे इसकी जानकारी दें, इस पर अविलंब कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मिलने वालों में दुमका चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुस्ताक अली खोखान दा, सचिव मनोज कुमार घोष, संरक्षक सियाराम घिड़िया एवं प्रवीण मेहरिया शामिल हैं.

श्रावण मास में दर्शन के लिए गाइडलाइन का रखें ध्यान

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका। बासुकीनाथ मंदिर परिसर स्थित प्रशासनिक सभागार में गुरुवार को बासुकीनाथ मंदिर प्रभारी सह अंचलाधिकारी राजकुमार प्रसाद ने बीडीओ, थानेदार व धर्मरक्षिणी सभा के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में 25 जुलाई से शुरू हो रहे श्रावण मास को लेकर चर्चा की गई। सीओ ने श्रावण माह के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था के लिए पंडा धर्मरक्षिणी सभा एवं स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर समन्वय स्थापित करने की बात कही। कहा कि मंदिर से श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है। मंदिर बंद रहे या खुला, श्रद्धालुओं की आस्था कम नहीं होती है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिए राज्य सरकार की गाइडलाइंस के तहत ही श्रावण मास में पूजन की व्यवस्था की जाएगी। उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए बैरिकेडिग, स्वच्छता, कोविड-19 गाइड लाइन का सख्ती से अनुपालन, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। थाना प्रभारी नवलकिशोर सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति ही इस वर्ष श्रावणी मास के दौरान सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। आगंतुक श्रद्धालुओं की कम से कम भीड़ हो, ऐसी व्यवस्था करनी होगी। मुख्य स्थलों पर पुलिस फोर्स व दंडाधिकारी की तैनाती की जाएगी। पंडा धर्मरक्षिणी सभा के पदाधिकारियों ने भी कई सुझाव दिए। कहा कि संक्रमण से बचाव की वजह से लागू पाबंदियों के कारण आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पंडा समाज को आर्थिक पैकेज एवं राशन उपलब्ध कराया जाए।

बैठक में एसआइ अनुज कुमार सिंह, प्रभास कुमार, पंडा धर्मरक्षिणी सभा के अध्यक्ष मनोज पंडा, महामंत्री संजय झा, मंत्री कुणाल झा, प्रेस सलाहकार कुंदन झा, राजेश झा, जितेंद्र झा, सलाहकार शोभाराम पंडा सहित सभा के अन्य सदस्य मौजूद थे।

उपायुक्त ने किया विद्युत आपूर्ति एवं तकनीकी पदाधिकारियों के साथ बैठक

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका । उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दुमका की अध्यक्षता में विद्युत आपूर्ति तथा तकनीकी पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जेएसबीएवाई फेज 1 तथा फेज 2 के तहत जो भी कार्य किए जाने हैं उसे निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा करें। सब स्टेशन के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कर शुरू किया जाय।कहा कि वर्तमान में 19 सब स्टेशन कार्यरत हैं। 5 सब स्टेशन निर्माणाधीन है। उक्त 5 सब स्टेशन शुरू हो जाने से बेहतर ढंग से विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। उन्होंने निदेश दिया कि सभी कार्यों की बेहतर ढंग से मॉनिटरिंग की जाए ताकि सभी कार्य ससमय पूरा हो। इसके उपरांत उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा हिजला जलापूर्ति योजना के रेनोवेशन के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करें। सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना राज्य सरकार और जिला प्रशासन की प्राथमिकता में एक है।कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जो भी योजनाएं हैं उसका क्रियान्वयन बेहतर ढंग से हो इसे सुनिश्चित करें।

उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे कार्यो की भी समीक्षा की एवं कई आवश्यक निदेश दिया।

कुपोषित बच्चों का एमटीसी में उचित उपचार निरन्तर रूप से कराया जाय

● बागबानी कार्यों को उचित मापदंडों के अनुसार करें

● ग्रामीणों को करोना टीका लेने हेतु किया गया प्रेरित

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका । उप विकास आयुक्त डॉ संजय सिंह ने दुमका प्रखण्ड के ग्राम मुर्गाबनी में क्रियान्वित विकासात्मक योजनाओं का स्थल भ्रमण कर लिया जायजा। भ्रमण के दौरान उप विकास आयुक्त ने क्रियान्वित योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मुर्गाबनी गाँव में 14 गर्भवती महिलाएँ है। उन गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जाँच तथा अन्य स्वास्थ्य जाँच के संबंध में उप विकास आयुक्त द्वारा जानकारी मांगी गई, लेकिन उनके पास प्रसव पूर्व जाँच जाँच से संबंधित पंजी नहीं होने के कारण यह पता नहीं चल पाया कि उन गर्भवती महिलाओं का नियमित रूप से प्रसव पूर्व जाँच किया जा रहा है अथवा नहीं। ऐसी परिस्थिति में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि सभी 14 गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जाँच कराना सुनिश्चित किया जाय, साथ ही आंगनबाड़ी कर्मी एवं स्वास्थ्य सहिया आदि के माध्यम से निरन्तर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली जाय। उन्हें अनुपुरूक पोषाहार तथा आवशयक दवा नियमित रूप से प्रदान की जाय तथा उनका संस्थागत प्रसव कराया जाय। उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि गर्भवती महिला की कोख में पल रहे बच्चा / बच्ची समाज का भविष्य हैं, इसलिए उनकी देख-भाल करना मूल रूप से विकास की बुनियाद है। किशोरियों की रक्ताल्पता की जाँच एवं सभी कुपोषित बच्चों का एमटीसी में उचित उपचार निरन्तर रूप से कराया जाय। उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिस गर्भवती महिला द्वारा प्रथम एएनसी कराया जाएगा उन्हें दीदी बाड़ी योजना तथा संस्थागत प्रसव के माध्यम से शिशु को जन्म देने वाली महिला को मनरेगा त सिंचाई कूप का लाभ दिया जायेगा। भ्रमण के क्रम में ग्राम- मुर्गाबनी में मनरेगा योजना के तहत निर्मित सिंचाई कूप, दीदी बाड़ी योजना एवं बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत किये गये आम बागवानी तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत किये जा रहे बागवानी कार्य का जायजा लिया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत की जा रही बागवानी कार्य के संदर्भ में निदेश दिया गया कि गड्ढा भरने का कार्य अच्छे तरीके से किया जाय, ताकि पौधों की उत्तरजीविता दर अधिक से अधिक हो। बागवानी कार्य को ठीक ढंग से करने के लिए बागवानी के साथ-साथ सिंचाई कूप एवं वर्मी कम्पोस्ट आदि योजना लें ताकि सिंचाई एवं जैविक खाद की पर्याप्त सुविधा प्राप्त हो सके। भ्रमण के क्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से अतिकुपोषित बच्चों की जानकारी ली गई। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, दुमका द्वारा बताया गया कि मुर्गाबनी ग्राम में मो० नवाज अंसारी नामक बच्चा है जो अति कुपोषित बच्चा (एस एएम) है। उप विकास आयुक्त द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, दुमका को निदेश दिया गया कि उस बच्चे को वो अडॉप्ट करें एवं स्वस्थ होने तक उस बच्चे के उचित उपचार तथा पोषाहार की प्राप्ति को सुनिश्चित करें तथा निरंतर बच्चे के अभिभावक, चिकित्सा, आंगनबाड़ी कर्मी से संपर्क कर बच्चे के उपचार एवं खान-पान को लगातार फॉलो करते रहें। उप विकास आयुक्त द्वारा प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से मुर्गाबनी ग्राम में ड्राप आउट बच्चों की संख्या के बारे में पूछा गया तो उनके पास तत्संबंधी जानकारी नहीं थी, जिस पर उप विकास आयुक्त द्वारा खेद व्यक्त करते हुए उनका वेतन अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया एवं उन्हें ड्राप आउट बच्चों का विस्तृत प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधीक्षक के माध्यम से सात दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। साथ ही शिक्षक पियुष कुमार का भी वेतन स्थगित किया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा वहाँ उपस्थित शिक्षक को बताया गया कि डेढ़ साल से अधिक समय तक विद्यालय बन्द रहने के कारण छात्रों का पढ़ाई करने का तारतम्य अनियमित हो चुका है, ऐसी परिस्थिति में 15-15 छात्रों के समूह में बच्चों को कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए ट्यूटोरियल क्लास कराया जाय ताकि जब विद्यालय खुले तो छात्रों को फिर से नियमित रूप से पढ़ाई में कठिनाई न हो। ग्राम- मुर्गाबनी से इस मॉडल को शुरू किया जाय। उप विकास आयुक्त द्वारा भ्रमण के क्रम में उपस्थित अल्पसंख्यक सहित सभी समुदायों के नागरिकों को कोविड का टीका प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया एवं उनके मन की भ्रांतियों को दूर किया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा उपस्थित गाँव के लोगों से पूछा गया कि गाँव के कितने लोग मनरेगा में काम करना चाहते हैं, जवाब में अधिकांश पुरुष एवं कुछ महिलाओं द्वारा भी मनरेगा के तहत काम करने की इच्छा व्यक्त की गई। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) को निदेश दिया गया कि इन सभी ग्रामीणों को जॉब कार्ड निर्गत करते हुए शीघ्र मनरेगा के तहत काम दिया जाय तथा मनरेगा में महिला भागीदारी बढ़ाने हेतु आल वुमन वर्क साइट की संकल्पना को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मुर्गाबनी से शुरू किया जाय। जेएसएलपीएस के दुमका प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक को बिरसा हरित ग्राम योजना अन्तर्गत किये जा रहे बागवानी कार्य अन्तर्गत अंतः फसलीय कृषि कार्य के लिए सखी मंडल की महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने एवं बीज के लिए अनुदान राशि नियमानुसार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया एवं ग्राम मुर्गाबनी से इंटरकॉप्पिग मॉडल का प्रारंभ कराने को कहा गया। इसके उपरांत सांकेतिक रूप से दो लाभुकों को वृद्धावस्था पेंशन योजना का एवं दो लाभुकों को ग्रीन कार्ड का लाभ प्रदान किया गया। भ्रमण के दौरान दुमका प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा, डॉ० जावेद, प्रथम चिकित्सा पदाधिकारी, सदर प्रखंड दुमका, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, दुमका प्रखंड एवं अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

70 लोगों को लगाया गया कोविड 19 का वैक्सीन

पाकुड़िया(पाकुड़)। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। 15 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाकुडिया में 70 लोगों को कोरोना रोधी टीका लगाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक प्रखण्ड के बनोग्राम, डोमनगड़िया व गनपुरा केन्द्रों पर 30 जबकि पाकुड़िया में 40 व्यक्तियों को कोविड-19 का टीका लगाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा प्रभारी नवल कुमार, आयुष चिकित्सक गंगाशरण साह, नित्यपाल, विनोद ढ़ाका, अलखनिरंजन प्रसाद, योगेश सिंह, शिवशंकर कुमार व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे। गुरुवार को प्रथम व दुसरा डोज महिला व पुरुषों को दिया गया। लोगों को केन्द्र की नर्स सबिता हेम्ब्रम तथा नैनशी किस्कू ने किया टीका करण।

नए बीडीओ ने पदभार ग्रहण किया

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। अमड़ापाड़ा प्रखंड के 44 वें बीडीओ के रूप में कुमार देवेश द्विवेदी ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया. लिट्टीपाड़ा बीडीओ से उन्होंने कार्यभार लिया. आगमन समारोह में प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने नए बीडीओ का स्वागत किया. पूर्व बीड-ीओ ने नए पदाधिकारी के साथ भी बेहतर तालमेल बनाते हुए कार्य करने की शुभकामनाएं कर्मियों को दी।

नव पदस्थापित बीडीओ ने सभी के सहयोग से प्रखंड के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही। बीडीओ ने बताया की क्षेत्र के जनताओं को विकास कार्य से जोड़ना और सरकार की योजना को धरातल पर उतरना प्राथमिकता होगी. नये बीडीओ ने प्रखंड और अंचल कर्मी से परिचय किया. प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी श्रीकांत ठाकुर ने नये बीडीओ से मुलाकात कर प्रखंड में शिक्षा की स्थिति की जानकारी दिया. मौके पर बीपीओ अजय गुप्ता, एई सुनील कुमार, जेई जयराज कुमार सहित प्रखंड व अंचल कार्यालय कर्मी के पंचायत सचिव, जनसेवक, रोजगार सेवक थे।

दो कोरोना सैम्पल केन्द्रों पर 240 लोगों का जांच के लिए गया स्वाब

पाकुड़िया(पाकुड़)। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। गुरुवार को पाकुड़िया के 2 सैम्पल संग्रह केन्द्रों पर 240 महिला एवं पुरुषों के सैम्पल संग्रह किया गया। प्रखंड कार्यालय के निकट तथा पाकुड़िया के मुख्य राम सीता चौक पर बेरियर लगा कर आने जाने वाला वाहनों तथा रोड से गुजरने वाले लोगों को सैम्पल देने व संक्रमण के प्रभाव व इससे वचाव के महिला व पुरुषों के स्वाब संग्रह किया गया। दोनों केन्द्रों पर संजय मुरमू, नितेश टुडू, विनोद टुडू, संतोष सुरीन, सीमन मुर्मू एवं सामंत मरांडी, योगेश टुडू, रविन्द्र सोरेन तथा स्वास्थ्य कर्मियों के साथ ग्रामीण पुलिस तथा पुलिस के जवानों की सहयोग से जांच हेतु 240 महिला पुरुषों का सैम्पल लिया गया।

प्रखंड के डाकबंगला चौक, राधानगर चौक में चला सघन मास्क जांच एवं वाहन जांच अभियान

पाकुड़। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। पाकुड़िया प्रखंड के पाकुड दुमका मुख्य पीडब्ल्यूडी सड़क के अलावे थाना गेट के सामने, डाक बंगला मोड़ के समीप एवं राधानगर में कोरोना वैश्विक महामारी के प्रकोप एवं सावधानी को देखते हुए गुरुवार को पुलिस कप्तान मणिलाल मंडल के निर्देश पर पाकुड़िया थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता एवं पुलिस अधिकारी एएसआई मनदीप मेहता के नेतृत्व में सघन मास्क एवं वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पाकुड़िया थाना के पुलिस कर्मियों एवम अँचल कर्मियों ने दंडाधिकारी की मौजूदगी में दो पहिया वाहन चालकों को रोक कर वाहन एवं मास्क की जांच की। इस दौरान बिना मास्क पहने वाहन चालकों से 50 रुपए प्रतिव्यक्ति के हिसाब से जुर्माना वसूला गया। साथ ही उन्हें मास्क नही पहनने पर कड़ी फटकार भी लगाई गई. वहीं बाजार परिसर में अंचलाधिकारी किरण डांग ने भी कई वाहन चालकों को बिना मास्क पाये जाने पर फटकार के साथ जुर्माना लगाया। मौके एसआई सुरेश कुमार सिंह सहित पुलिस के जवान भी मौजूद थे.

उपायुक्त ने समेकित जनजाति विकास अभिकरण द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

- **अविलंब छात्रों के आधार कार्ड लिंक कराते हुए शत-प्रतिशत छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ दिलाएं- उपायुक्त**

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़। उपायुक्त वरुण रंजन की अध्यक्षता में समेकित जनजाति विकास अभिकरण द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा हेतु बैठक समाहरणालय स्थित उपायुक्त के कार्यालय प्रकोष्ठ में किया गया। बैठक में उपायुक्त ने प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक के छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने परियोजना निदेशक को निर्देश दिया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक से सभी छात्रों का बैंक खाता संख्या, आधार संख्या प्राप्त कर एवं बैंकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अविलंब आधार कार्ड लिंक कर शत-प्रतिशत छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ दिलाने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने जिलांतर्गत स्वीकृत जाहेरस्थान की घेराबंदी की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान विगत वित्तीय वर्ष 2019-20 का 05 कार्य अपूर्ण पाए गए। जिसमें जमीन विवादित होने के कारण 03 लंबित तथा 02 योजना का कार्य प्रगति पर होने की जानकारी दी गई। वहीं वित्तीय वर्ष 2020-21 में विभाग से स्वीकृत कुल 22 योजनाओं में उपायुक्त द्वारा अविलंब प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त कर लाभुक समिति चयन करते हुए नवम्बर 2021 पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने वित्तीय वर्ष 2019-20 में स्वीकृत 03 योजना जो गौचर भूमि पर प्रस्तावित थी को रदद करने एवं उसके स्थान पर योजना स्वीकृति की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उसी प्रकार कब्रिस्तान घेराबन्दी का वर्ष 2020-21 का 02 योजना लंबित पाया गया जिसे अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही वर्ष 2020-21 में स्वीकृति 9 कब्रिस्तान घेराबंदी का लाभुक समिति चयन कर कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। एमएसडीपी योजना मैं लंबित भुगतान के लिए विभाग को राशि मुक्त करने हेतु स्मार पत्र भेजने का निर्देश दिया गया। सीसीडी योजना के तहत लंबित नो योजना को अविलंब पूरा करने एवं वर्ष 2020-21 में स्वीकृत पीसीसी पथ निर्माण की योजना का निविदा के माध्यम से क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिया गया। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए मो० अख्तर, जिला कल्याण पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

जिले में 1941 लोगों को लगाया गया टीका

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़। विशेष कोविड टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जिले के सभी प्रखंडों में कुल 1941 लोगों को टीका लगाया गया। 18 प्लस लोगों में पाकुड़ प्रखंड में 477, पाकुड़िया प्रखंड में 38, हिरणपुर प्रखंड में 94, अमड़ापाड़ा प्रखंड में 64, लिट्टीपाड़ा प्रखंड में 118 एवं महेशपुर प्रखंड में 418 लोगों को टीका लगाया गया। वहीं, 45 प्लस में पाकुड़ प्रखंड के 238, पाकुड़िया प्रखंड के 22, हिरणपुर प्रखंड के 65, अमड़ापाड़ा प्रखंड के 19, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के 72 एवं महेशपुर प्रखंड के 187 लोगों को टीका दिया गया। उपायुक्त वरुण रंजन ने जिलावासियों से अपील किया कि बारी आने पर टीका अवश्य लगाएं। बेवजह सड़कों पर नहीं निकले। मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करें।

लोक कल्याण सेवा केंद्र की ओर से जरूरतमंद के बीच वितरण किया सुखा राशन

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

महेशपुर(पाकुड़)। स्वयंसेवी संस्था लोक कल्याण सेवा केंद्र द्वारा महेशपुर के देवीनगर पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांवों में आजीविका संकट से जूझ रहे दिहाड़ी परिवार, सब्जी विक्रेता, फेरी करने वाले, बुनकर, घरेलू कामकाजी महिलाओं एवं विशेष क्षमता वाले 300 से अधिक परिवारों को चिन्हित कर एपीपीआई के सहयोग से सुखा राशन एवं स्वच्छता सामग्रियों का वितरण किया गया। संस्था द्वा-रा इस वैश्विक महामारी के दौरान लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहा है, इस दौरान ग्रामीणों के बीच मास्क एवम साबुन का भी वितरण किया गया। ग्रामीणों को जागरूक कर सरकार द्वारा जारी महामारी उन्मूलन के लिए सभी निर्देशों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, साथ ही प्रत्येक व्यक्ति से कोरोना का टीका लेने का आग्रह किया गया। ग्रामीणों को हाथ धोने, मास्क पहनने, सामाजिक दूरी का ख्याल रख कर भीड़ भाड़ वाले जगह से बच कर रहने की सलाह दी गई। किसी भी तरह के स्वास्थ्य समस्या होने पर त्वरित चिकितास्कय प्रमर्श लेने की सलाह दी गई। वितरण कार्यक्रम में संस्था के केंद्र प्रभारी राजीव रंजन, प्रेमलता टुडू, प्रिया भारती, देवीधन बास्की, राहुल कुमार एवम मिर्यानी का सहयोग सराहनीय रहा। केंद्र प्रभारी राजीव रंजन ने जानकारी दी की संस्था लगातार इस वैश्विक महामारी में दुमका, पाकुड़, गोड्डा के ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। समय समय पर अत्यंत कठिन परिस्थिति में रह रहे परिवारों को सहयोग करने का प्रयास किया जा रहा है। अभी तक संस्था द्वारा अबतक सैकड़ो परिवारों को सुखा राशन एवम स्वच्छता कीट उपलब्ध कराया गया है।

मनोज कुमार ने पाकुडिया बीडीओ के रूप में पदभार ग्रहण किया

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़। पाकुडिया प्रखंड के नये प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में गुरुवार को मनोज कुमार ने अंचलाधिकारी सह प्रभारी बीड-ीओ किरण डांग से अपना प्रभार ग्रहण किया। इस दौरान आयोजित एक सादे समारोह में नवागंतुक प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रखंड प्रमुख शुशीला मरांडी, बीपीओ जगदीश पंडित, सहायक अभियंता रोहित गुप्ता, कनीय अभियंता राजेश कुमार सहित कई पंचायत सचिवों, मुखियाजनो आदि ने गुलदस्ता एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान अपने संबोधन में नये बीडीओ श्री कुमार ने कहा कि प्रखंड के स्टॉफ मन लगाकर कार्य करें क्योंकि उनकी कार्य क्षमता से ही उनकी पहचान होगी। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनो एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना उनका ध्येय होगा। इसमे सबों का सहयोग अपेक्षित है। मौके पर प्रखंड एवं अंचल के सभी कर्मी उपस्थित थे।

नगर पालिका एक ऐसी संस्था है जो अपने अधीन है और उस पर स्वयं का नियंत्रण है, जिस पर दूसरे का शासन या नियंत्रण नहीं है

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़। पिछले 6 महीने से पाकुड़ शहर पानी की भीषण किल्लत से जूझ रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं और शासन प्रशासन पर दोषारोपण करते आ रहे हैं। पाकु-ड़ के इतिहास में नगर पालिका की ऐसी बदहाल स्थिति कभी देखने को नहीं मिली। जिसमें जनता को पिछले 6 महीने से पानी नसीब ना हुआ हो और नगरपालिका तू चोर हम सिपाही का खेल खेल रही है। एक सामान्य उदाहरण के तहत अगर आपके घर का सेप्टिक टैंक फुल हो गया हो और सफाई हेतु आप नगरपालिका जाते हैं तो वहां एक छपा हुआ कार्ड आपको पकड़ा दिया जाता है और साथ ही साथ यह भी बता दिया जाता है कि 5200 रुपए प्रति गाड़ी सफाई का खर्च आएगा। सामान्य तौर पर एक टैंक से 2.5 या 3 गाड़ी तक मलवा निकलता है। तो क्या एक सेप्टिक टैंक साफ कराने के लिए 15600 रुपए की अदायगी जायज है! आखिर इस लूट में किन लोगों का हाथ है। शहर में दूसरे के अस्तित्व से खिलवाड़ कर सौंदर्यीकरण सौंदर्यीकरण का खेल आजकल जोरों पर है। मगर मलवा उठाने के लिए गाड़ी, जो कि जनता की जरुरी आवश्यकता में शुमार है, को खरीदने पर कभी विचार तक नहीं किया गया है। यह जनमानस के साथ कैसा मजाक है?
विगत 8 महीनों से ई-रिक्शा से 20 रुपए की अवैध वसूली की जा रही है। जिसका बंदोबस्ती में कोई जिक्र ही नहीं है। सोचने वाली बात यह है कि जिला मुख्यालय में यह वसूली क्या बिना साठ गांठ से चल रही है? अजीब विडंबना है कि इसमें सभी निर्वाचित भी इन समस्याओं से प्रभावित हैं। मगर उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि उनकी जेबें भरी हुई हैं। फर्क पड़ता है तो सिर्फ गरीब जनता को जो 1100 रुपए में 5000 लीटर पानी खरीदने को विवश है। भले ही वह एक शाम खाना खाकर ही गुजारा करें। क्योंकि खाना के बगैर तो वह जी लेगा मगर पानी के बगैर जीवन असंभव है। इसकी जानकारी पाकुड़ जिला कांग्रेस कमिटी जिला सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर नलिन मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया.

70 लोगों को लगाया गया कोविड 19 का वैक्सीन

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़िया(पाकुड़)। 15 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाकुडिया में 70 लोगों को कोरोना रोधी टीका लगाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक प्रखण्ड के बनोग्राम, डोमनगड़िया व गनपुरा केन्द्रों पर 30 जबकि पाकुड़िया में 40 व्यक्तियों को कोविड-19 का टीका लगाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा प्रभारी नवल कुमार, आयुष चिकित्सक गंगाशरण साह, नित्यपाल, विनोद ढ़ाका, अलखनिरंजन प्रसाद, योगेश सिंह, शिवशंकर कुमार व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे। गुरुवार को प्रथम व दुसरा डोज महिला व पुरुषों को दिया गया। लोगों को केन्द्र की नर्स सबिता हेम्ब्रम तथा नैनशी किस्कू ने किया टीका करण।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को ऋण दिया जायेगा

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़। पाकुडिया प्रखंड के सुदूर डोमनगड़िया पंचायत में किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड देने हेतु गुरुवार को एक विशेष कैंप का आयोजन उप परियोजना निदेशक अरबिंद कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान कैंप में आत्मा के उप परियोजना निदेशक श्री राय ने इलाके के उपस्थित किसानों एवं कृषक मित्रों को विस्तारपूर्वक समझाते हुए बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी लाभुक किसानो को केसीसी दिया जाएगा। जिससे किसानो को खेती हेतु पूजीं कि कभी कतई कोई कमी नहीं होगी। उप परियोजना निदेशक श्री राय ने सभी किसानों के बीच इसका प्रचार प्रसार करते हुए किसानों को इससे जोड़ने एवं जुड़ने की अपील की। कैंप में शमीउल्लाह अंशारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी पाकुड़िया, ओनल मरांडी सहायक तकनीकी प्रबंधक सहित सैकड़ों की संख्या में प्रगतिशील किसान सहित कृषक मित्र मौजूद थे।

लिट्टीपाड़ा में पेट्रोल पंप का उद्घाटन, क्षेत्र के विकास में सहायक होगा पंप- दानियल

- **क्षेत्र का सबसे सुविधा संपन्न पंप होगाः सहायक प्रबंधक**

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़। लिट्टीपाड़ा गोविंदपुर-साहेबगंज हाईवे के बगल में लिट्टीपाड़ा में ईशान पेट्रोल पंप का उद्घाटन गुरुवार को समाजसेवी व भाजपा नेता दानियल किस्कू, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम देवघर बिक्री क्षेत्र के सहायक प्रबंधक अनिरुद्ध गुप्ता के द्वा-रा नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए दानियाल किस्कू ने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी लिट्टीपाड़ा में पेट्रोल पंप नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। एचपी का पंप खुलने से आम लोगों को काफी सुविधा होगी। वहीं विकास के मामले में एक नया आयाम साबित होगा। दैनिक जीवन में पेट्रोल- डीजल की बहुत अधिक आवश्यकता पड़ती है। पंप नहीं रहने से मिलावटी पेट्रोल-डिजल के उपयोग के कारण जहां वाहनों को क्षति होती थी वहीं प्रदूषण भी बढ़ता था। वहीं एचपीसीएल के सहायक प्रबंधक अनिरुद्ध गुप्ता ने कहा कि जब मैं सर्वे किया था तो लगभग 95 किलोमीटर में एक भी पंप नहीं था इसके बाद इच्छा थी कि लिट्टीपाड़ा में एक पंप चालू हो। उन्होंने कहा कि यह पंप जिले का सबसे सुविधा संपन्न पंप होगा। सरकारी निर्देश के अनुसार पानी, हवा, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं दो महीने में शैड का निर्माण किया जाएगा। यह पंप 24 घंटे खुला रहेगा। सितंबर माह तक इलेक्ट्रीक वेकल रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस क्षेत्र का सबसे आकर्षक पंप होगा। इनके अलावा पूर्व जिप सदस्य शिव चरण मालतो, मुखिया शिव टूडू, ब्रांटिस किस्कू, साहेब हांसदा ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास में पेट्रोल पंप मील का पत्थर साबित होगा। स्वागत ईशान पंप के मालिक दीपनारायण हांसदा ने किया वहीं मंटू गब्रीएल हांसदा ने अतिथियों का स्वागत बूके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर किया। उद्घाटन समारोह का संचालन दिलीप कुमार राय ने किया। मौके पर ब्रेनार्ड हांसदा, थोमस हांसदा, अनिल हांसदा, रोशनी समद, सलौनी हांसदा, तरेसा हेम्ब्रम, जोसफीन हेम्ब्रम, ईशान हांसदा, सृष्टि समेत अन्य लोग मौजूद थे।

ग्रामिणो की विभिन्न समस्या को लेकर भाजपा नेता राजीव जायसवाल ने गोला बीडीओ से की मुलाकात

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

रामगढ़। भाजपा रामगढ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल ने ग्रामिणो संग गोला बीडीओ संतोष कुमार से मुलाकात की। श्री जयसवाल ने बताया की पिछले दिनो गोला प्रखंड के हुप्पू पंचायत का दौरा किया था। दौरे के क्रम मे कई ग्रामिणो ने विभिन्न समस्याओं से मुझे अवगत कराया था। जिनमे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, पीएम आवास ओर पानी की समस्या थी। इन तमाम मूलभूत समस्या को लेकर आज प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात किया। ओर जल्द से जल्द इन समस्याओं के समाधान करने का आग्रह किया है। श्री जयसवाल ने कहा कि लगातार रामगढ़ विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहा हूं। ओर कई गांवो के लोग अभी भी मूलभूत समस्याओं से कोसो दूर है। ओर गांव के लोगो के लिए यह संभव नहीं है कि अपनी समस्याओं को लेकर बार बार प्रखंड कार्यालय आना जाना करे।ग्रामीणों की सहूलियत के लिए मै प्रखंड विकाश पदाधिकारी से आग्रह करूंगा की हरेक पंचायतों में जाकर शीविर लगाए ओर उनकी समस्याएं सुने वही बीडियो ने आश्वस्त किया है कि जल्द इन समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इस मौके पर गोला प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष तिवारी, गोला मंडल के महामंत्री रवी हाजरा, सूरज वर्मा, संतोष शर्मा सहित हुपपू पंचायत से संतोष महतो, रूपलाल महतो, संदेव महतो, ओमप्रकाश महतो, संजय महतो टेकलाल महतो, बसंत कुशवाहा मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर ऑफिस में रखे कंप्यूटर को किया तोड़ फोड़ जान मारने की दी धमकी

गिरिडीह। डुमरी थाना क्षेत्र के सिमराडीह निवासी प्रवीण कुमार पांडेय, पिता गौरीशंकर पाण्डेय ने गुरुवार को डुमरी थाना में एक आवेदन देकर कहा है कि बीती रात कुछ लोगों ने उनके घर में तोड़फोड़ की साथ ही वेलोग उन्हें घर से बाहर निकाल जान से मारने की बात कह रहे थे हालांकि इस प्रयास में असफल होने पर असामाजिक तत्वों ने उनके आवासीय कार्यालय में रखे कंप्यूटर को तोड़ फोड़ कर आफिस में ही छोड़ दिया। आवेदन में लिखा है कि जब उसके द्वारा शोर मचाया गया तो सभी भाग खड़े चढ़ा हुए। लिखा कि लगभग एक महीना दिनों पहले उनका उनके गोतिया से झगड़ा हुआ था। सुबह होते ही डुमरी मुखिया फलजीत इस घटना से टेलीफोन के माध्यम से अवगत कारवाये तो उन्होंने कहा की मेरे पास समय नही हम नही जाएंगे घटना फिलहाल डुमरी पुलिस घटना स्थल पहुंचकर छानबीन में जूटी है।

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की जांच करने पहुंची मेडिकल टीम

पथरगामा। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की जांच करने के लिए गुरुवार को मेडिकल टीम ने प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। पिपरा पंचायत अंतर्गत बाराबांध ग्राम में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर मलेरिया विभाग पथरगामा के द्वारा 2020 में अभियान चलाया गया था। दुमका मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर सुरेंद्र सिंह एवं डॉ एमआर श्रीवास्तव ने बाराबांध ग्राम पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी ली। जांच टीम ने 30 घरों में जाकर फाइलेरिया उन्मूलन के लिए खिलाई जाने वाली दवा के बारे में विस्तार पूर्वक पूछताछ की।इस संबंध में पूछे जाने पर मेडिकल कॉलेज दुमका से आए चिकित्सक डॉ सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मेडिकल कॉलेज दुमका के द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर वर्ष 2020 में खिलाए गए दवा के बारे में ग्रामीणों से पूछताछ कर कार्य का आकलन किया गया। बताया कि बाराबांध ग्राम के हरिप्रसाद महतो, शिवनारायण महतो, जयप्रकाश महतो, फुलेश्वर महतो, भुवनेश्वर महतो, प्रदीप महतो, लाली देवी, गणेश कुंवर, योगेंद्र महतो, अरविंद महतो, भोला प्रसाद महतो, पंकज चौधरी आदि से वर्ष 2020 में खिलाए गए फाइलेरिया उन्मूलन के लिए दवा के बारे में विस्तार पूर्वक पूछा गया। इस मौके पर मलेरिया निगरानी निरीक्षक संजय कुमार, केटीएस रामविलास पंडित आदि मौजूद थे।

भाजपा की बैठक में शक्ति केंद्रों की मजबूती पर मंथन

पोड़ैयाहाट। गुरुवार को डांड़ै महावीर मंदिर के पास सामुदायिक भवन में डांड़ै मंडल भारतीय जनता पार्टी की बैठक मंडल अध्यक्ष श्याम जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई।बैठक में मुख्य रूप से शक्ति केंद्रों की मजबूती करण, केन्द्र सरकार की योजनाओं को आम जन मानस तक कैसे पहुंचाई जाए एवं पिछले दो महीने से चल रहे जिला स्तरीय कार्यक्रमों, जैसे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, हर बूथ स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम एवं प्लास्टिक मुक्त भारत की परिकल्पना जैसे कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।
बैठक में मंडल प्रभारी गजाधर सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य देवेन्द्र नाथ सिंह, जिला कार्य समिति सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राम जीवन साह, मिथिलेश झा, अजय सिंह बबली, उमेश झा, दिलीप भगत, भवेश झा, निरंजन साह, अमित कुमार ठाकुर, गणेश मंडल, रिजबान अंसारी, कमल कांत, मनोज राय, आनंदी सिंह, शशि कुमार मांझी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता फैलाएगा चलंत वाहन

सुंदरपहाड़ी। सामाजिक संस्था बदलाव फाउंडेशन द्वारा जिले के सुंदरपहाड़ी प्रखंड अंतर्गत कुल 6 पंचायत के कुल 50 गांव में आरहो जोहार परियोजना द्वारा कोरोना से बचाव के लिए जनमानस में जागरूकता फैलाने के लिए चलंत वाहन का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय प्रकाश मरांडी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिल सोरेन और प्रखंड प्रमुख गीता मोहली द्वारा हरी झंडी दिखाकर करोना चलंत वाहन को रवाना किया गया। सामाजिक संस्था बदलाव फाउंडेशन इस एरिया में सभी जनजातीय समुदाय को करोना से बचाव हेतु नियमित तौर पर समुदाय को जागरूक करने का कार्य प्रखंड प्रशासन एवं जिला प्रशासन के साथ मिलकर जागरूक एवं टीकाकरण करवाने में प्रशासन को सहयोग कर रही है। कोरोना जागरूकता चलंत वाहन 15 से 26 जुलाई 21 तक प्रखंड अंतर्गत संचालित की जाएगी।
इस कार्यक्रम में जिला स्तरीय जनजाति अधिकार मंच के एलेशियष मुर्मू, शिवनारायण लोहरा, प्रियंका सोरेन और राकेश टुडू उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में परियोजना समन्वयक कृष्णा जी, सामुदायिक कार्यकर्ता संतोष कुमार ठाकुर, सामुएल मालतो, निरंजन एवं प्रकाश का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

गरीबों को नियमित राशन नहीं दे रही झारखंड सरकार : अमित

- **विधायक ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के सचिव से मिलकर अप्रैल एवं जून माह का राशन नहीं मिलने की शिकायत की**

गोड्डा। स्थानीय विधायक अमित मंडल ने झारखंड सरकार के खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव हिमानी पांडेय से रांची में मिलकर गोड्डा विधानसभा अंतर्गत पथरगामा प्रखंड एवं बसंतराय प्रखंड में अप्रैल और जून माह का राशन लाभुकों को नहीं मिलने पर विरोध जताया।

विधायक श्री मंडल ने कहा कि कोरोना महामारी में हर गरीब को राशन मुफ्त बांटना था। लेकिन झारखंड सरकार की कटौती करने के कारण अप्रैल एवं जून माह का राशन लाभुकों तक नहीं पहुंच पाया। परिणाम स्वरूप गरीबों को कोरोना और भुखमरी की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। विधायक श्री मंडल ने कहा कि हेमंत सरकार गरीब विरोधी है। एक ओर प्रधानमंत्री ने दिवाली तक हर लाभुकों को मुफ्त राशन देने की घोषणा की है। वहीं दूसरी ओर झारखंड की हेमंत सरकार लाभुकों के राशन से कटौती कर रही है, जो कहीं से भी न्याय संगत नहीं है। अगर ऐसा चलता रहा तो भारतीय जनता पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएगी। कहा कि गरीबों के हक की लड़ाई हम लोग सड़क से लेकर सदन तक जारी रखेंगे। उन्होंने मांग की कि भ्रष्टाचार में लिप्त पदाधिकारियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए, ताकि गरीब लाभुकों तक अनाज का फायदा पहुंचाया जा सके।

जमुआ में आजसू पार्टी ने किया प्रखंड कमेटी का विस्तार

गिरिडीह/संवाददाता।

गुरुवार को जमुआ प्रखंड क्षेत्र के झारो नदी मे आजसू पार्टी प्रखंड इकाई जमुआ का सम्मेलन आयोजित किया गया इस सम्मेलन की अध्यक्षता गौतम सागर राणा के द्वारा किया गया संचालन दीपक भारती के द्वारा किया गया इस सम्मेलन में प्रभारी सह मुख्य अतिथि संजय कुमार साव एवं विशिष्ट अतिथि जिला कार्यकारी अध्यक्ष शंकर यादव उपस्थित हुए सम्मेलन में मुख्य रूप से आजसू प्रखंड कमेटी जमुआ का पूर्णगठन एवं विस्तार पर चर्चा की गई संगठन विस्तार एवं मजबूती पर वक्ताओं द्वारा विशेष चर्चा की गई सभी मंच मोर्चों का पूर्णगठन एवं विस्तार किया गया
प्रखंड इकाई जमुआ का पूर्णगठन केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य सह जमुआ प्रभारी संजय कुमार साव के उपस्थिति में किया गया जिसमें प्रखंड अध्यक्ष गौतम सागर राणा, प्रखंड सचिव मोहम्मद जावेद अंसारी, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, महिला मोर्चा प्रखंड सचिव मिना गिरि, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष महेश दास, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रखंड सचिव दुलारचंद दास, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सुलेमान अंसारी, अल्पसंख्यक मोर्चा सचिव मंजूर अंसारी, किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष विजय वर्मा, किसान मोर्चा प्रखंड सचिव रामेश्वर यादव, छात्रसंघ अध्यक्ष टुनटुन यादव, छात्रसंघ सचिव बिनोद कुमार, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष दिवस कुमार साव, ओबीसी मोर्चा सचिव बिरेन्द्र ठाकुर को बनाया गया
मौके पर केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य सह जमुआ प्रभारी संजय कुमार साव, जिला कार्यकारी अध्यक्ष शंकर यादव, गौतम सागर राणा, दीपक भारती, शताबुदिन अंसारी, बिनोद कुमार, टेकलाल यादव, दीपक यादव, लक्ष्मी देवी, मीना गिरि आदि उपस्थित थे।

साख पंचायत के पंचायत सेवक की कार्य शैली को लेकर बैठक आयोजित

गिरिडीह/संवाददाता।

गाँवा प्रखंड अंतर्गत सांख पंचायत भवन में स्थानीय मुखिया प्रवीण कुमार के अध्यक्षता में एक बैठक की गई। बैठक में बतौर भाकपा माले प्रखंड कमिटी सदस्य अकलेश यादव उपस्थित हुवे। बैठक में वर्तमान सांख पंचायत सेवक राजकुमार यादव के कार्यशैली से ना ×खुश यहाँ के जनता में का×फी रोष है' इनके कार्यशैली से सारे विकास के कार्य बंद हो गए है।
भाकपा माले प्रखंड कमिटी सदस्य अकलेश यादव नें कहा कि आज पूरे पंचायत के अंदर विकास का कार्य बाधित है। स्थानीय पंचायत सेवक राजकुमार यादव की भाषा एवं इनकी कार्यशैली से यहाँ की जनता में का×फी रोष है। इससे पूर्व भी आवास कार्य में पैसे की लेन - देन के लिए उस वक्त स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी लिखित आवेदन देकर मामले से अवगत कराई गई थी' लेकिन यथावत इस पंचायत में रखा गया है। मैं स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी से मांग करता हूँ की मामले का निष्पक्ष जाँच कर इन्हें तुरंत स्थानांतरित किया जाय, नहीं तो यहाँ के तमाम ग्रामीण एवं मनरेगा मजदूर आगामी 20 जुलाई के बाद प्रखंड मुख्यालय के समक्ष लोकडाउन का पालन करते हुवे धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।
मौके पर रुधी यादव, बीरेंद्र यादव, उमेश यादव, सुकर यादव, दीपेश सिन्हा, दिलीप यादव, हेमलाल यादव, राकेश कुमार, मनीष कुमार, श्रवण कुमार, कुलदीप साव, दीपक सिन्हा, रोहित कुमार, बालमुकुंद कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

कोरोना जागरूकता के तहत राजधानी मोटर्स नें किया,मोटर मैकेनिकों को सुरक्षा किट का वितरण

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

रामगढ़। चितरपुर के गांगी-यमुनी स्थित राजधानी मोटर्स के द्वारा कोरोना जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम किया गया। इस दौरान आसपास के दर्जनों मोटर मैकेनिकों को आमंत्रित कर संक्रमण से बचाव हेतु हैंडवाश मास्क, सेनेटाइजर, साबुन, ब्रश, कोलगेट सहित अन्य हाइजेनिक वस्तुओं का वितरण किया गया।राजधानी मोटर्स के हितेश कुमार तिवारी ने बताया की हमने कोरोना महामारी जो भारत सहित विश्व समुदाय को आतंकित कर रखा है। उससे बचाव व जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इस कार्य को किया है जो आगे भी किया जाएगा, क्योंकि जागरूकता से ही कोरोना महामारी की लड़ाई में हमारा समाज विजय हासिल करेगा। मौके पर राजरतन तिवारी, अनुराग, सन्नी, मैकेनिक छोटू कुमार, आफताब, कृष्णा, अनिल, भुनेश्वर, समाद, सहित अन्य मौजूद थे।

सरिया को जिला बनाने की माँग को लेकर झामुमो ने दिया एकदिवसीय धरना

गिरिडीह/संवाददाता।

- **सरिया, जिला बनने की सभी अहर्ता को पूरा करती है: त्रिभुवन**

सरिया को जिला बनाने की माँग को लेकर गुरुवार को झामुमो ने सरिया विवेकानन्द चौक पर एकदिवसीय धरना दिया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णमुरारी पाण्डेय व संचालन मोतीलाल मंडल ने किया जबकि मुख्य आतिथि झामुमो के जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन मंडल उपस्थित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए इन्होंने कहा कि सरिया जिला बनने की सारी अहर्ताओं को पूरा करता है। यहाँ अभी सरिया अनुमण्डल कार्यालय है तथा भौगोलिक दृष्टिकोण से यह बगोदर, बिरनी, राजधनवार प्रखंड के मध्य स्थित है।सरिया में हावड़ा-नई दिल्ली ग्रैंड कार्ड रेल मार्ग सरिया होकर गुजरती है। धनबाद रेल मंडल का महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन हजारीबाग रोड यहीं स्थित है। साथ ही जीटी रोड की दूरी भी सरिया से मात्र 13 किलोमीटर है। रांची-देवघर-दुमका मुख्य मार्ग भी सरिया बाजार से होकर गुजरती है। यहां डिग्री कॉलेज, इंटर महा विद्यालय, प्लस टू स्कूल, हाई स्कूल, सीबीएसई से मान्यता प्राप्त डीएवी, संत मैरी व संत जैवियर्स जैसे बडे विद्यालय हैं। रेलवे के कई वरीय अधिकारियों के कार्यालय, पथ निर्माण विभाग कार्यालय, अनुमंडल मुख्यालय, प्रखंड मुख्यालय, कोनार सिंचाई विभाग के कई आवासीय क्वार्टर, सरिया में विद्युत पावरग्रिड स्टेशन,पावरसब स्टेशन, रेलवे का पावर ग्रिड, अंचल पुलिस मुख्यालय है। साथ ही यहां अनुमंडल पुलिस कार्यालय, भारतीय खाद्य निगम का गोदाम, हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन पर बड़े-बड़े स्टेशनों से सामान, मालवाहक ट्रेन के माध्यम से उतारने को लेकर रेक पॉइंट, हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन पर आरक्षित टिकट काउंटर की व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति के लिए जलमीनार का होना, अनुमंडल स्तरीय विद्युत विभाग का कार्यालय जो कि विभाग के द्वारा अनुमोदित है, वन विभाग का कार्यालय। इन सभी सुविधाओं को देखते हुए कहा जा सकता है सरिया जिला बनने की अहर्ता रखता है। बैठक में मुख्य रुप से मजीद अंसारी, काजीम अंसारी, सिकन्दर अंसारी, अर्जुन मंडल, कृष्णमुरारी प्रसाद, सदीक अंसारी, ललन सिंह, सबीब अंसारी, मुस्लिम अंसारी, शंकर मंडल, पिंटू मोदी, पंकज गुप्ता समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

उत्पाद विभाग द्वारा कई जगहों पर मारा गया छापा चार गिरफ्तार

जमुआ/गिरिडीह। उत्पाद टीम सब इंस्पेक्टर निजाम खान के नेतृत्व में गुरुवार को विभिन्न अनुमंडल क्षेत्र के डुमरी, बगोदर, राजधनवार के बेनुसारन जंगल, परसन, हीरोडीह जमुआ आदि जगह अवैध रूप से बनायी जा रही महुआ शराब की छापेमारी की इधर छापेमारी के दौरान डुमरी के सिमराडीह जंगल तथा धनवार के बेनुसारन जंगल मे संचालित अवैध शराब भट्ठी तथा महुआ जावा को नष्ट किया गया। वही अन्य प्रखंड से शराब की बनाने की उपकरण एंव जार एंव शराब जप्त कर ले गया इधर झारखण्डधाम एंव रेम्बा में भी कई शराब मिलने की संदेह जगहों पर छापेमारी की गई। लेकिन यहाँ किसी तरह हाथ नहीं लगी। इधर टीम ने बगोदर क्षेत्र से इस धंधे से जुड़े चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर ले जा रही थी। टीम के इंस्पेक्टर ने कहा कि अवैध कारोबारी के विरुद्ध अभियान चलती रहेगी जबतक पूरी तरह इसपर काबू नहीं नही मिल जाता।

रामगढ़ के आकाश दास का यूथ नेशनल बॉक्सिग चैंपियनशिप के लिए हुआ सेलेक्शन

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

रामगढ। रामगढ़ जिला के भुरकुंडा निवासी आकाश दास का चयन यूथ नेशनल बॉक्सिग चैंपियनशिप के लिए किया गया है। बॉक्सिग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सौजन्य से नेशनल यूथ बॉक्सिग चैंपियनशिप का आगाज हरियाणा के सोनीपत में होना है झारखंड बॉक्सिग संघ के चयन समिति ने रामगढ़ के आकाश दास का चयन 71 से 75 किलोग्राम के लिए किया है।आकाश दास चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए 16 जुलाई को रामगढ़ से हरियाणा के सोनीपत के लिए रवाना होंगे।
यह चैंपियनशिप 18 से 23 जुलाई तक चलेगी। रामगढ़ जिला बॉक्सिग संघ के अध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी ने आकाश के चयन पर खुशी जाहिर की है और आकाश दास से गोल्ड जीतने की शुभकामना दी हैं। बेदी ने कहा कि आकाश दास नेशनल में गोल्ड जीतकर रामगढ़ जिला बॉक्सिग संघ, रामगढ़ जिला झारखंड बॉक्सिग संघ और अपने माता-पिता का नाम रोशन करेंगे। झारखंड सरकार ने भी साफ-साफ कहा है जो भी खिलाड़ी गोल्ड जीतेगा उसकी बहुत सारी संभावनाएं तय होंगी इस चयन में रामगढ़ के जिला बॉक्सिग संघ के सभी पदाधिकारी खुशी जाहिर कर रहे हैं और सभी को आशा है कि आकाश दास रामगढ़ का नाम रोशन करेगाआकाश दास के कोच और पिता को भी पूरी आशा है कि अकाश दास चैंपियनशिप में गोल्ड जीतकर पूरे मान सम्मान और आन बान शान के साथ वापस लौटेगा। इस मौके पर अकाश दास के पिता प्रभात दास कोच नरेंद्र सिन्हा, सचिव शशी पांडेय उपस्थित थे।

बिजली विभाग की लापरवाही देखने को मिला

गिरिडीह। बेंगाबाद के छोटकी खरगडीहा बाजार मे बिजली की तार जर्जर हो जाने के कारण कभी भी टूट कर गिर सकती है जिससे बड़ी हादसा होने की आशंका जताई जा रही है ग्रामीणों ने बिजली विभाग को तार बदलने को लेकर कई बार इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया लेकिन विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गुरुवार को पंचायत के प्रधान महेंद्र प्रसाद वर्मा की अध्यक्षता में ग्रामीणों ने प्रस्ताव रखा कि यदि विभाग अविलंब जर्जर तार को नहीं बदलती है तो विभाग के खिलाफ सड़क पर उतरने को बाध्य हो जाएंगे !कहा है कि वर्षों से लगी तार छोटकीखरगडीहा बाजार में बिल्कुल जर्जर हो चुकी है जिसमें 11,000 का वोल्टेज विद्युत प्रवाह दौड़ती है! बाजार की कोई भी खंबे की तार टूट जाने के बाद बाजार में सैकड़ों ग्रामीण चपेट में आ जाएंगे लोगों को इस जर्जर तार से पूरी डर बनी हुई है बिजली विभाग से ग्रामीणों ने अविलंब जर्जर तार की मांग की है कि जल्द नई तार लगाने का काम किया जाए अन्यथा विभाग के खिलाफ सड़क पर उतरने को विवश हो जाएंगे! इस मौके पर प्रधान मुखिया महेंद्र प्रसाद वर्मा भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सुभाष राणा वार्ड सदस्य कविता देवी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

सड़क हादसे में 3 वर्षीय बच्चे की मौत

गिरिडीह। देवरी थाना क्षेत्र के चतरो खीजूरी मुख्य मार्ग स्थित नायक डीह के पास गुरुवार की शाम करीब 6 बजे एक पिकअप वैन के चपेट में आने से 3 वर्षीय बच्चे की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मृतक का पहचान देवरी थाना क्षेत्र के नायक डीह निवासी ऐनुल अंसारी के पुत्र जियाउल मुस्तफा 3 वर्ष के रूप में किया गया। उक्त घटना के बारे में बताया जाता है कि मृतक जियाउल पास के ही दुकान से रोड पार कर के अपना घर जा रहा था इसी क्रम में चतरो तरफ से आ रहे एक पिकअप वैन के चपेट में गया जिसके कारण बच्चे की मौत घटनस्थल पर ही हो गया।इधर इस घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। वहीं पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। खबर लिखे जाने तक थाना की ओर से पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंच पाई थी।

भाजपा कार्यसमिति की बैठक हुई आयोजित

वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है : अशोक भगत

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका । भारतीय जनता पार्टी जिला दुमका कार्यसमिति कि बैठक बाबु पाड़ा स्थित कार्यालय में जिला अध्यक्ष निवास मंडल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश द्वारा प्रभारी पूर्व विधायक अशोक भगत उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य से झारखंड के पूर्व मंत्री सह भाजपा नेत्री डॉ लुईस मराण्डी, पूर्व राज्यसभा सांसद अभयकांत प्रसाद, पूर्व विधायक देवेंद्र कुँवर ने भाग लिया. प्रभारी अशोक भगत ने मुख्य रूप से सांगठनिक चर्चा किया एवं जिला के सभी मंडलों से आए अध्यक्ष द्वारा विचार लिया. बैठक में अशोक भगत ने वर्तमान सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है, आज सभी जिले से लेकर पूरे राज्य में अनियमितता व्याप्त है, प्रशासनिक व्यवस्था लचर होती जा रही है। बैठक को डॉ लुईस मरांडी ने संबोधित करते हुए कहा कि दुमका जिले में अवैध रूप से बालू, कोयला एवं पत्थर का उठाव बेरोकटोक यहां से दूसरे राज्य में भेजा जा रहा है. जल, जंगल जमीन की बात करने वाली यह सरकार खुद ही इसे मिटाने पर लगी हुई है।

कार्य समिति की बैठक में वक्ताओं ने केंद्र सरकार की उपलब्धि उनके द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओ एवम कोरोना महामारी के दौरान केंद्र सरकार द्वारा राज्य की जनता को पहुंचाए जा रहे हैं लाभ एवं विशेष रुप से महा टीकाकरण अभियान पर चर्चा की गई। इस दौरान अलग-अलग योजना जैसे सेवा ही संगठन, हाईवे रिलीफ टीम के द्वारा बाहर से आने वाले मजदूरों कि जो सेवा का काम किया गया उसके बारे में विस्तार से चर्चा की गई, वही मैं राज्य सरकार की नाकामियों विशेष रुप से चुनाव के दौरान किए गए वादे जिसे सत्ता में आने के साथ ही यह सरकार पूरी तरह भूल चुकी है के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की चाहे बेरोजगारों को 1 साल में 500000 लोगों को रोजगार से जोड़ने की बात हो, 1 साल में कई कई प्रतियोगिता परीक्षाएं आयोजित करने की चर्चा हो, चाहे पारा शिक्षक के स्थायीकरण एवं वेतन निर्धारण, सेविका एवं सहायिका के मानदेय को बढ़ाना की बात हो, तीन लाख के प्रधानमंत्री आवास की बात हो, पेंशन के राशि में बढ़ोतरी 2500 करने की बात हो, यह सभी बातें सिर्फ और सिर्फ चुनावी डिंग एवम सत्ता प्राप्त करने के हथकंडे मात्र साबित हुए। सत्ता प्राप्ति के बाद जिस प्रकार इस सरकार में रंग बदला शायद गिरगिट की तरह रंग ना बदले। खजाना खाली होने का ढोंग करने वाली सरकार ने भ्रष्टाचार की नदी की बहा दी जैसा कि हम सबों को पूर्वानुमान था। राज्य में विकास का काम जिस रफ्तार पर था, रफ्तार पर न सिर्फ इस सरकार ने ब्रेक लगाने का काम किया बल्कि निजी हित को साधने के चक्कर में उस विकास की रफ्तार को पीछे धकेलने का काम किया। कई कई योजनाएं जो लोकहित में पूर्व की सरकार ने शुरू किए थे इस सरकार ने कुर्सी पर आते हैं उन सब को बंद करने का काम किया। सरकार के रवैया से सरकारी गैर सरकारी संविदा कर्मी छात्र छात्राएं सामान्य नागरिक सब के सब परेशान है। कोरोनावायरस विपत्ति काल में जांच केंद्र सरकार द्वारा लोगों को आने वाले अक्टूबर माह काली पूजा तक मुफ्त अनाज देने की घोषणा हुई है जहां केंद्र सरकार पूरे देश में मुफ्त वैक्सीनेशन कराने का काम कर रही है वही राज्य सरकार केंद्र द्वारा की जा रही सहायता को सत प्रतिशत जनता तक पहुंचा भी नहीं पा रही, कहीं अनाज के घोटाले की बात सामने आती है तू कहीं अस्पतालों में बैग दिलाने के नाम पर वसूली की, कहीं जीवन रक्षक दवा रेमडेसिवर के कालाबाजारी की बात सामने आ रही है। इन सब जन उपयोगी मुद्दों पर राज्य की सरकार खामोश है राज्य में सिर्फ और सिर्फ ट्रांसफर एवं पोस्टिंग का कारोबार फल फूल रहा है, न सिर्फ अभी बल्कि प्रचंड कोरोना काल में भी इस सरकार ने ताबड़तोड़ ट्रांसफर पोस्टिंग करने का काम किया जिसका प्रतिफल कोरोना के फैलाव के रूप में राज्य ने झेला। राज्य में बढ़ते अपराध का ग्राफ एवं गिरती व्यवस्था अपराधियों तस्करों का मनोबल इतना ऊंचा कर दिया है की यदा-कदा सरकारी अफसर कर्मचारी यहां तक कि पुलिस के पदाधिकारी को भी लोग मारपीट करने से पीछे नहीं हट रहे। प्रशासन के लोग मूकदर्शक बन अवैध कारोबार को होता सिर्फ देख रहे हैं बल्कि इस अवैध कारोबार में उन्हें भी अपने प्रतिष्ठा अपने सम्मान को ताक पर रखकर ऐसे अपराधी तत्व को सहयोग करना पड़ रहा है।

आप दुमका की बात करें तो जिस तरह इस कोरोना के संकटकाल में सरकार की नीतियों ने खनिज माफियाओं को संतालपरगना की धरती पर तांडव मचाया है वह आज भी जारी है। सरकार के नीति और नियम इन माफियाओं के ठेंगे पर हैं और जिस प्रकार वरीय पदाधिकारियों द्वारा खुद को बेबस और लाचार महसूस किया जा रहा है ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं ना कहीं ऐसे माफिया तत्वों को सीधे-सीधे सरकार के लोगों का एवं यहां के विधायक का संरक्षण प्राप्त है। जिला कार्य समिति के राजनीतिक प्रस्ताव के रूप में दुमका में हो रही खनिजों की अवैध लूट, एनजीटी द्वारा बालू उठाव पर रोक के बाद भी लगातार नदियों से बालू का निकाला जाना एवं सैकड़ों की संख्या में भारी वाहनों से इसे राज्य से बाहर भेजने पर रोक, गिरती कानून व्यवस्था जिले में हो रही हत्याएं चोरी, छिनतई के साथ-साथ, सरकारी राजस्व की लूट को रोकने संबंधित प्रस्ताव पारित किए गए।

कार्यसमिति की बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश पदाधिकारी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य जिले के पदाधिकारी, दसों मंडल के अध्यक्ष महामंत्री सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कोविड-19 के सभी गाइडलाइन का पालन बखूबी किया गया. बैठक में मुख्य रूप से सुरेश मुर्मू, अंजुला मुर्मु, मनोज पांडे, अमिता रक्षित, पूनम देवी, मुकेश अग्रवाल, अजय गुप्ता, ओम केसरी दिनेश दत्ता, गौरी शंकर यादव,लक्ष्मी नारायण सिंह, मृणाल मिश्रा, अमित रक्षित, नीतू झा, नवल किस्कू, कुणाल झा, नलिन मंडल, सुरेश गुप्ता, नव घोष, रघु दत्त, नीरज भंडारी, अनुज आर्य, जवाहर मिश्रा, मंजू दास, किशोरी साह, नवल माँझी, राजीव रंजन आदि शामिल हुए।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री गौरव कान्त ने किया. जबकि धन्यवाद ज्ञापन नगर अध्यक्ष मृणाल मिश्रा ने किया.

संक्षिप्त समाचार

विभिन्न पाठ्यक्रमों में फ्रेस नामांकन 31जुलाई तक

दुमका ।(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। इग्नू में जुलाई सत्र 2021 के लिए नामांकन तिथि 31जुलाई तक बढ गई है। विभिन्न पाठ्यक्रमों में फ्रेस नामांकन संबंधी सूचना जारी कर दी गई है।

इग्नू अध्ययन केन्द्र एस पी कालेज दुमका (3604)के समन्वयक डा के पी यादव ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर बताया कि जुलाई सत्र21के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में फ्रेस नामांकनतथा रीरजिस्ट्रेशन जारी है जो 31 जुलाई 2021 तक चलेगा। नामांकन के इच्छुक आवेदक आँनलाईन नामांकन एडमिशन पोर्टल पर जाकर नामांकन ले सकते हैं। स्तरीय पाठ्यसामग्री के साथ इग्नूमें नामांकन की सुविधा है।

किसानों को केसीसी से आच्छादित करने हेतु विशेष कैम्प का किया गया आयोजन

दुमका।(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। उपायुक्त के निदेशानुसार पीएम किसान पोर्टल पर निबंधित किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने के लिए सदर प्रखण्ड, दुमका अन्तर्गत विभिन्न पंचायतों में किसानों से केसीसी का फॉर्म प्राप्त करने के लिए विशेष कैम्प का आयोजन पंचायत सचिवालय में किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी, दुमका द्वारा बताया गया कि हरिपुर पंचायत से 79, केशियाबहाल पंचायत से 172, पारशिमला पंचायत से 100, मालभण्डारो पंचायत से 125, भुरकुण्डा पंचायत से 100, आसनसोल पंचायत से 95 सहित कुल 972 केसीसी फॉर्म प्राप्त हुआ है। प्राप्त सभी केसीसी फॉर्म का सदर प्रखण्ड, दुमका स्थित आत्मा कार्यालय में जांच किया जा रहा है। अभी तक कुल 352 केसीसी फॉर्म का जांच कर लिया गया है और संबंधित बैंक को जैसे- भारतीय स्टेट बैंक, गान्दो, भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, दुमका, बैंक ऑफ इंडिया, दुमका, भारतीय स्टेट बैंक, कुमीरदहा, यूको बैंक, दुमका, केनरा बैंक दुमका आदि को केसीसी स्वीकृति हेतु भेजा जा रहा है।

तेलंगाना के निसंतान दंपत्ति को मिला घर का चिराग

दुमका ।(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। एक वर्ष पूर्व जरमुंडी सदर प्रखंड में एक नवजात शिशु (बालिका) को लावारिस अवस्था में खेत में छोड़ दिया गया था। शिशु को बाल कल्याण समिति के आदेश से स्पेशलाइज्ड एडॉप्शन एजेंसी में आवासित कराया गया था। तेलंगाना के एक निःसंतान दंपत्ति ने कारा (सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी) के वेबसाइट में बच्चे को गोद लेने हेतु अपना निबंधन 2018 में कराया था। कारा के द्वारा दुमका एडॉप्शन एजेंसी में रह रहे शिशु को आरक्षित किया गया था। तेलंगाना के इस दंपत्ति ने एडॉप्शन कमेटी के समक्ष सशरीर उपस्थित होकर शिशु को गोद लेने की अपनी इच्छा जाहिर की। समिति द्वारा वांछित आवश्यक कागजातों की जांच की गई। एडॉप्शन कमेटी के द्वारा दंपत्ति की काउंसलिंग की गई एवं संतुष्ट होने पर एडॉप्शन कमिटी ने सर्वसम्मति से शिशु को प्री एडॉप्शन फोस्टर केयर के तहत गोद देने का निर्णय लिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि गोद दी गई बच्ची का 18 वर्ष की आयु होने तक ×फॉलोअप किया जाएगा और दम्पति को भी कहा गया की 18 वर्ष के पहले किसी भी परस्थिति में विवाह नहीं करेंगे।

ऐसे निःसंतान दंपत्ति /गोद लेने के इच्छुक व्यक्ति समाज कल्याण मंत्रालय के कारा (सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी) के वेबसाइट पर स्वयं पंजीकरण कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि कारा द्वारा रपहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर इच्छुक व्यक्ति को गोद दिया जाता है, अतः ऐसे व्यक्ति जितना जल्द हो कारा के वेबसाइट पर निबंधन करा लें।

अध्यक्ष बाल कल्याण समिति ने बताया कि ऐसे परित्यक्त, अनाथ, सरेंडर बच्चे जो कि लावारिस हालत में पाए जाते हैं उनके जैविक माता पिता की खोज समिति के आदेश से 60 दिनों तक कराई जाती है, निर्धारित समयावधि के अंदर अगर कोई अभिभावक अपना दावा पेश नहीं करते हैं, तो समिति के द्वारा उक्त बालक/शिशु को लीगली फ्री कर दिया जाता है और ऐसे बालक /शिशु को कारा के गाइडलाइन के अनुरूप गोद दे दिया जाता है। शिशु / बालक के संबंध में अंतिम आदेश जिले के कुटुंब न्यायालय के द्वारा पारित किया जाता है। गोद लेने के इच्छुक दंपति/ व्यक्ति को कारा के गाइडलाइन का अनुपालन करना आवश्यक है, अन्यथा यह अवैध होगा। शिशु को गोद में पाकर निः संतान दंपत्ति ने भगवान को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें जीने की आश मिल गई है और वे अपना सारा जीवन बच्चों के भविष्य निर्माण में लगा देंगे। विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के कर्मियों ने शिशु को अश्रुपूरित नेत्र से भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी।

मौके पर एडॉप्शन कमेटी के अध्यक्ष सह जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

विद्यालय में चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

- पुलिस स्कूल से चोरी का समान किया बरामद

महेशपुर(पाकुड़)। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। महेशपुर थाना क्षेत्र के मकदमपुर उत्तक्रमित मध्य विद्यालय से विगत 28 जून की रात अज्ञात चोर द्वारा विद्यालय के कमरे से 12 पंखा एक वाटर फिल्टर की चोरी की थी। इस सिलसिले में पुलिस पदाधिकारी सौकत अली अंसारी ने गुप्त सुचना के आधार पर सिराजपुर गांव में छापामारी कर चोरी के आरोपी सफीकुल शेख को उन्ही के घर से दबोच लिया। पुलिस अभियुक्त के निशानदेह पर चोरी की गई 12 पंखा और एक वाटर फिल्टर को भी उन्ही के घर से बरामद कर ली गई है। और थाना लाकर कागजात प्रक्रिया पुरी तरह आरोपी को मंडल कारा पाकुड़ भेज दिया। गौरतलव हो कि विगत 28 जून की रात मकदमपुर उत्तक्रमित मध्य विद्यालय का ताला तोड़ कर समान चोरी होने मामले में स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष नसीरुद्दीन खान ने थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया था ।

एक व्यक्ति को थाने परिसर में दंबगों ने मारपीट कर किया घायल

- 2 नामजद 10-11 अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज

महेशपुर(पाकुड़)। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। महेशपुर थाना प्रांगण में बुधवार रात कुछ दंबग किस्म के दस बा-

रह लोगों द्वारा एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर घायल कर देने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में घायल अजय यादव ने महेशपुर थाना में लिखित शिकायत पर रब्बेकुल उर्फ बाबु शेख और अली शेख समेत अज्ञात 10-11 व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया है। दर्ज शिकायत में उल्लेख किया है कि बुधवार रात आठ बजे पुलिस जीप के ड्राइवर फोन कर बुलाया और कहा कि पुलिस आपको बुला रही है। बाइक से थाना पहुंचते ही पूर्व से थाने में मौजुद लोगों ने मारपीट कर घायल कर पुलिस के सामने से फरार हो गया। मारपीट के दौरान रब्बेकुल उर्फ बाबु शेख और अली शैख दोनों का घर सिद्धार्थपोखर के रूप में पहचान हुई। जबकी अन्य 10-11 लोग को पहचान नही कर पाया। पुलिस घायल अजय यादव के लिखित शिकायत पर थाना कांड संख्या 104/2021 की धारा 147, 148, 323, 324, 307, 342 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस बावत महेशपुर एसडीपीओ नवनीत हेम्ब्रम ने कहा कि थाने में मारपीट की घटना पर आरोपी को बक्सा नही जाएगा। आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किया जाएगा।

आजसू पार्टी संघर्ष की पार्टी है, संघर्ष ही आजसू पार्टी की पहचान -अजय कुमार

- आजसू ने किया प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका। आजसू पार्टी कार्यालय में दुमका प्रखंड कमेटी की पुनर्गठन की गई. जिसमें जयदेव मंडल को दुमका प्रखंड अध्यक्ष और संजय कुमार साह को प्रखंड सचिव बनाया गया. जामा प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष पप्पू यादव, प्रखंड सचिव आजाद बेनी हेंब्रम को सर्वसम्मति से चुना गया. सरैयाहाट प्रखंड में संजय राउत प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रखंड सचिव पंकज कुमार सिंह को बनाया गया. केंद्रीय सचिव अजय कुमार सिंह ने दुमका जिले के सभी नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष एवं सचिव को 15 दिनों में प्रखंड विस्तार एवं सभी प्रखंडों में 100 सक्रिय सदस्य बनाने का निर्देश दिया और कहा आजसू पार्टी संघर्ष की पार्टी है संघर्ष ही आजसू पार्टी की पहचान है. आजसू पार्टी 8 अगस्त से पिछड़ों को 27% आरक्षण की मांग को लेकर सभी प्रखंड मुख्यालय में सामाजिक न्याय मार्च निकालेगी एवं 9 अगस्त को पार्टी विश्व आदिवासी दिवस बनाएगी. आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी के पुनर्गठन में अजय कुमार सिंह, सुजीत मुर्मू शामिल हुए. वंही मसलिया प्रखंड प्रभारी मिथिलेश वर्मा के नेतृत्व में मसलिया प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष जावेद अंसारी को बनाया गया. वंही शिकारीपाड़ा आजसू पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक पार्टी के केंद्रीय सचिव राम रंजन के आवासीय कार्यालय में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता पार्टी के नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार दे ने की पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देश पर केंद्रीय सचिव राम रंजन की उपस्थिति में प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया एवं सर्व समिति से पार्टी का प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार दे एवं सचिव मुन्ना कुमार मंडल को चुना गया. मौके पर निरंजन भंडारी मनोज श्रीवास्तव, हेमंत राय एवं आजसू पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे. नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि पार्टी की पद गरिमा का हमेशा मान रखूंगा और पार्टी के हित के लिए काम करूंगा और जनता के सेवा में हमेशा तत्पर रहूंगा।

वंही रानीश्वर में सिंचाई एवं जलपथ अवर प्रमंडल रांगालिया के कार्यालय परिसर में गुरुवार को आजसू पार्टी द्वारा प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रखंड समिति के पुनर्गठन एवं विस्तार को लेकर हुई बैठक में पार्टी के केंद्रीय समिति के सदस्य सह प्रखंड प्रभारी दिलीप दत्ता के अध्यक्षता में जिला अध्यक्ष मनोज सिंह मेलर, जिला उपाध्यक्ष ललन मिश्रा मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में मनोज राय को प्रखंड अध्यक्ष, कानाई पाल को प्रखंड सचिव मनोनीत किया गया।साथ ही मनोज कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया हैं। जिला अध्यक्ष मेलर ने माला पहना कर भाजपा के अजय सिंह को आजसू में शामिल कराया।बैठक में प्रितम चौबे, जयदेव गोस्वामी, असीम बाउरी, जोसेन किस्कु, जयराम बास्की, जयंत मंडल, राजकुमार, बिशु गोराई, बिकास कुमार मंडल, धनेश्वर कुमार, असीम भंडारी, राहुल किस्कु, राम सिन्हा, बिकास राय, मनोज सिंह, बिक्की कुमार आदि मौजूद थे।

वर्षों से मानसिक प्रताड़ना झेल रहे शिक्षकों को राहत मिले

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका । सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय सेवा शिक्षक संघ (एसकेमुस्टा) के अध्यक्ष डॉ विवेकानन्द सिंह एवं महासचिव डॉ कलानंद ठाकुर ने झारखंड के नवनियुक्त महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति को संघ की ओर से स्वागत किया है। साथ ही नेता द्वय ने महामहिम के समक्ष विश्वविद्यालय शिक्षकों एवं छात्रों की मुख्य चार समस्याओं को रेखांकित किया है। प्रथम विश्वविद्यालय शिक्षकों को एक दशक से कोई प्रोन्नति नहीं मिला है। इसका मुख्य कारण परिनियम-2010 पिछले दस वर्षों से प्रक्रियायाधीन है। पता नहीं ऐसी कौन सी जटिलता है जिसके कारण यह परिनियम पारित नहीं हो पा रहा है? इसके कारण शिक्षक मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान हैं। दूसरा शिक्षकों की घोर कमी। कॉलेज में वर्षों से शिक्षकों का 50% से अधिक पद खाली है जिससे छात्रों को स्तरीय शिक्षा देना संभव नहीं हो पा रहा है। तीसरी समस्या के बारे में इन्होंने आवास भत्ता एवं चिकित्सा भत्ता का उल्लेख किया है। नेता द्वय ने कहा कि झारखंड सरकार ने अपने सभी कर्मचारियों को सप्तम वेतनमान के साथ - साथ सप्तम वेतनमान के आधार पर आवासीय एवं चिकित्सा भत्ता देना शुरू कर दिया। विडंबना है कि विश्वविद्यालय शिक्षकों को सप्तम वेतनमान तो दिया किंतु आवासीय एवं चिकित्सा भत्ता छठे वेतनमान के आधार पर दे रही है। इस मामले में शायद यह देश का अनूठा राज्य है। इससे शिक्षकों को आर्थिक हानि हो रही है। चौथी समस्या के रूप में बताया कि यूजीसी अधिनियम के अनुसार छठे वेतनमान मे पीएच डी/एम फिल शिक्षकों को क्रमशः पाँच, तीन एवं दो वेतनवृद्धि देने का प्रवधान था किंतु दस वर्ष से अधिक बीत जाने के बाद भी राज्य सरकार द्वारा इसे लागू नहीं किया गया जबकि इसके पैतृक राज्य बिहार में दिया जा रहा है। नेता द्वय ने महामहिम से विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय शिक्षकों की समस्या के निदान हेतु पहल करने के लिए निवेदन किया है जिससे वर्षों से मानसिक प्रताड़ना झेल रहे शिक्षकों को राहत मिले।

अगर सरकार समय पर मदद नहीं करती तो 37 मजदूरों में से कुछ जीवित भी नहीं लौट पाते

- दो दिन बाद ट्रेन में मिला खाना,सभी की जांच रिपोर्ट निगेटिव
- सात दिन तक सभी क्वरंटाइन सेंटर में रहेंगे

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका। केरल में कैसे दिन गुजारे हैं,साहब मत पूछो.अब तो कान पकड़ लिया है कि मेट के कहने पर कहीं भी काम पर नहीं जाएंगे। दो दिन तक सभी लोगों ने भूखे रहकर केवल सरकार का नाम लिया। अगर सरकार समय पर मदद नहीं करती तो 37 मजदूरों में से कुछ जीवित भी नहीं लौट पाते। यह कहना था कि गुरुवार को केरल से धनबाद के रास्ते दुमका पहुंचे रामगढ, जामा और जरमुंडी के उन मजदूरों का, जो मेट के बहकावे में आकर इलायची तोड़ने के लिए 28 जून को दुमका से गए थे। दोपहर सवा तीन बजे खुशी बस से सभी मजदूरों को धनबाद से दुमका लाया गया। इंडोर स्टेडियम में सभी की स्वास्थ्य जांच कर भोजन का पैकेट दिया गया। 37 मजदूरों में महिलाओं के अलावा पांच बच्चे भी शामिल थे। इंडोर स्टेडियम में बस से उतरने के बाद सभी के चेहरे पर घर वापस लौटने की अजब मुस्कान के साथ दर्द भी छलक रहा था। जरमुंडी निवासी प्रकाश कुमार ने बताया कि रामगढ़ के एक मेट पटवारी हांसदा ने 26 जून को गांव आकर संपर्क किया और कहा कि केरल में इलायची तोड़ने का काम है। वहां चलने पर सभी को अच्छा पैसा मिलेगा। 28 को बस से केरल जाने से पहले मेट ने आधार कार्ड और सभी से एक एक हजार रुपया लिया और का कि केरल पहुंचने पर काम दिला देगा। केरल पहुंचने पर काफी ढूंढा लेकिन मेट का पता नहीं चला। किसी तरह की जान पहचान नहीं होने के कारण काम भी नहीं मिला। छह दिन तक बिना काम के रहे। जो पैसा ले गए, वह भी खर्च हो गया। किराए पर कमरा लेकर बस काम मिलने का इंतजार किया. रामगढ़ के मधुसूदन साह का कहना था कि खाने पीने में घर से जो पैसा ले गए, खर्च हो गया। पैसा नहीं रहा तो किसी तरह से एक आदमी ने इलायची तोड़ने का काम दिया। महज दो दिन काम मिला। पहले दिन पांच हजार और फिर दस हजार रुपया मिले। इतने कम पैसों में 37 लोगों का पेट भरना था। पांच बच्चे भी साथ थे। कैसे दिन काटे, बताने में आंख तक छलक गई। रामगढ़ की अनीता सोरेन व मारग्रेट सोरेन ने बताया कि खाने के लिए न तो पैसे बचे और न ही किसी तरह की उम्मीद बची थी। ऐसे में सभी ने वीडियो बनाकर किसी तरह से दूसरों की मदद लेकर झारखंड सरकार को भेजा। सरकार ने भी उनकी परेशानी को समझा और तत्काल घर वापसी का प्रयास शुरू किया। अगर सरकार समय पर मदद नहीं करती तो सब मजदूरों का भगवान ही मालिक था। सरकार उनके लिए भगवान से कम नहीं है। जामा की बहामुनि सोरेन ने बताया कि दो दिन तक सभी को भूखे रहना पड़ा। थोड़ा बहुत जो बचा था, उससे बच्चों के खाने की व्यवस्था की। बाकी सभी लोगों ने पानी पीकर भूख को शांत किया। केरल में कोरोना जांच के बाद ट्रेन में बैठने से पहले सभी को खाना का पैकेट दिया गया। धनबाद में स्वास्थ्य जांच के बाद खाना मिला। दुमका आने पर भी खाना दिया गया। इंडोर स्टेडियम में सभी की ट्रूनेट मशीन से कोरोना की जांच की गई। सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई है। गाइडलाइन के अनुसार, सभी को सात दिन के लिए हिजला स्थित क्वरंटाइन सेंटर में भेज दिया गया है। सात दिन के अंदर फिर से कोरोना जांच की जाएगी। रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद सभी को उनके घर रवाना कर दिया जाएगा। एसडीओ महेश्वर महतो ने कहा की मुख्यमंत्री की पहल पर सभी मजदूरों को दुमका लाया गया है। सात दिन तक सभी क्वरंटाइन सेंटर में रहेंगे। वहां पर रहने के अलावा खाने की सारी व्यवस्था की गई है। फिर से जांच के बाद सभी को उनके घर भेज दिया जाएगा।

ट्रैक्टर का बैटरी चोर समझकर ग्रामीणों ने पकड़ कर बनाया बंधक, पुलिस ने किया मुक्त

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

महेशपुर(पाकुड़)। महेशपुर थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव में एक ट्रैक्टर चालक को ट्रैक्टर का बैटरी चोर समझकर ग्रामीणों ने घंटों बंधक बनाकर रखा और इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी. जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी ने दो अधिकारी को मखदुमपुर गांव भेजा. अधिकारियों ने एक बंधक व्यक्ति को अपने साथ महेशपुर थाना ले आए. जांच पड़ताल के पश्चात उसे छोड़ दिया गया. जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया बंधक बनाया व्यक्ति को ग्रामीणों ने बिना देखे जाने बंधक बना लिया था. उक्त चालक एक ट्रैक्टर से अपना सामान लेकर घर जा रहा था की ग्रामीणों ने उसे पकड़ कर जबरन चोर कहकर बांध दिया. जांच पड़ताल के बाद मामला सामने आए एवं बंधक बनाए व्यक्ति को छोड़ दिया गया.

खुशहाली के मंत्र...

हमें जीवन में रोज नया अनुभव होता है, इस दौरान हमसे अच्छे और बुरे काम भी होते हैं, इनसे गम और खुशी होती है, लेकिन इन सब रुकावटों और मुश्किलों को पीछे छोड़कर इन मंत्रों से जीवन को खुशहाल बनाएं।

ठहाके लगाएं

हंसी को सबसे ताकतवर औषधि माना जाता है। जो हंसी के ठहाके लगाते हैं उनका जीवन खुशहाल रहता है। हंसने से हमारे शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, तनाव कम होता है, दर्द से निजात मिलती है, दिल की मांसपेशियां मजबूत होती हैं जिससे दिल संबंधी बीमारियां नहीं होती हैं। हंसने से मनोवैज्ञानिक रूप से फायदा होती है और हंसकर आप आसानी से अपना तनाव दूर कर सकते हैं। दोस्तों के साथ हों या सहकर्मियों के साथ, परिवार के लोग हों या रिश्तेदार हंसने का कोई मौका गंवाएं नहीं।

जीवन का उद्देश्य बनाएं

अगर आपको अपने जीवन का उद्देश्य पता चल जाए तो आपके सारे दुखों और दुविधाओं का ह्रास हो जाए। सभी के जीवन का एक उद्देश्य होता है और आप उससे अछूते नहीं। कुछ लोगों को जीवन का उद्देश्य पता चल जाता है तो इसे पूरा करने के लिए वे निरंतर प्रयास करते हैं और जिन्हें अपने जीवन का उद्देश्य नहीं पता वे हमेश भटकते हैं और दुखी रहते हैं।

वर्तमान में जिएं

हमें दु:ख तभी होता है जब भविष्य के बारे में सोचते हैं या फिर भूतकाल की गलतियों और दुखों को याद करते हैं। जबकि वास्तविकता वर्तमान ही है। भूतकाल में जो हो गया उसे भूल जाइए। भविष्य में क्या होगा उसका पता किसी को नहीं, तो जिसके बारे में आप नहीं जानते उसे लेकर तनाव क्यों लेना। वर्तमान में जीने की कोशिश कीजिए और इस पल हो हसीन बनाइए।

धन्यवाद जरूर करें

एक शोध में यह बात सामने आई है कि जो लोग अपने जीवन में दूसरों को धन्यवाद बोलते हैं वे अधिक खुशहाल होते हैं। तो आप भी अपने जीवन को खुशहाल बनाने के लिए दूसरों को धन्यवाद कहना क्यों नहीं शुरू करते हैं। इससे आपको खुशी मिलेगी साथ ही आप जिसका आभार प्रकट करेंगे उसे दूसरों को मदद करने की प्रेरणा मिलेगी।

माइग्रेन भगाने वाला सीफेली...

दुनिया के हर कोने में माइग्रेन पीड़ितों की तादात में दिन-ब-दिन इजाफा होता जा रहा है। बाजार में ढेरों दवाइयां मौजूद हैं। लेकिन कारगर इलाज आज भी संभव नहीं। अब इलेक्ट्रोनिक हेडबैंड यानी सीफेली आया है। मेडिकल वर्ल्ड इस पर भरोसा जता रहा है। इलेक्ट्रोनिक हेडबैंड यानी बिजली से चलने वाला एक ऐसा उपकरण जो माथे पर आसानी से फिट हो जाता है और दिमाग की नसों में खास कंपन पैदा कर सिरर्द को भगा देता है। इस हेडबैंड को हालांकि अमेरिका और यूरोप के कुछ हिस्सों में इस्तेमाल किया जा रहा है लेकिन अब इसे यूरोप की नेशनल हेल्थ सर्विसेज से भी हारी झंडी मिल गई है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही दुनिया के बाकी मुल्कों समेत भारत में भी हेडबैंड उपलब्ध हो जाएगा। जानकारों की मानें तो इस हेडबैंड को दिन में एक बार इस्तेमाल करना है। एक बात काबिल-ए-गौर है कि इस्तेमाल तभी करें जब माइग्रेन का दर्द हो। हेडबैंड आंखों के ठीक ऊपर के हिस्से यानी माथे पर लगाने से माइल्ड इलैक्ट्रिकल तरंगे मस्तिस्क के संपर्क में आती हैं। महज 20 मिनट के इस्तेमाल से माइग्रेन में आराम मिलता है। दावा किया गया है कि 10 में से 4 मरीजों को फायदा जरूर मिलता ही है। जानकार बताते हैं कि माइग्रेन में राहत पहुंचाने के अलावा ये हेडबैंड दर्द से निपटने की क्षमता में बढ़ोतरी भी लाता है। यही नहीं, कुछ मरीजों की नशे की लत भी छुड़वा सकता है। माइग्रेन की वजह से 80 लाख की आबादी वाले ब्रिटेन में 20 लाख महिलाओं को चक्कर, उल्टी और ऐंठन की शिकायत अक्सर रहती है। हालांकि बाजार में बहुत सी ऐसी दवाईयां है जो माइग्रेन के दर्द में फौरी राहत देती हैं लेकिन परमानेंट हल किसी के पास नहीं है। बैटरी से चलने वाला सीफेली हेडबैंड उसी हिट रेट के साथ चलता है और 40 से 70 फीसदी मरीजों तक को फायदा पहुंचाता है। लेकिन चिकित्सकीय प्रयोगों के मुताबित इस हेडबैंड के साइड इफेक्ट भी हैं। हां, ये बात ठीक है कि इसे गर्भावस्था के दौरान महिलाएं इस्तेमाल कर सकती हैं। फिलहाल यूके के बाजार में इस हेडबैंड की कीमत 250 पाउंड है।

पहला ग्राफिन बेस्ड ई-पेपर...

कौन कहता है कि ई-पेपर पुरानी टैक्नोलॉजी हो गई है। चाइना में अभी भी इस पर आधारित नए प्रोडक्ट बन रहे हैं। गुएज ओईडी टैक्नोलॉजी ने अपने-आप में पहला ग्राफिन बेस्ड ई-पेपर तैयार किया है। ग्राफिन के साथ बना पेपर काफी मजबूत और हल्की स्क्रीन पेश करता है, जिसमें ब्राइटनेस और फ्लैकसीबिल्टी पूरी तरह मौजूद है। खास बात यह है कि सूरज की रौशनी में भी यह ई-पेपर आसानी के साथ पढ़ने में मदद करती है। दूसरे ई-पेपर भी इस तरह कर सकते हैं लेकिन ग्राफिन में इस्तेमाल किया गया कार्बन आसानी से मिल सकता है इसलिए यह काफी सस्ता होगा बल्कि दूसरे ई-पेपर डिवाइसिस में इंडियम मेटल होती है। कंपनी का कहना है कि एक साल के अंदर-अंदर ग्राफिन ई-पेपर का प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। अगर टैक्नोलॉजी आगे बढ़ी तो शायद ग्राफिन, एलईडी और ओएलईडी की जगह भी ले सकती है।

अब वह दौर आ गया है जब ड्रोन मिलिट्री और एडवेंचर स्पोर्ट की रेंज से बाहर निकल सकता है। आने वाला वक्त ड्रोन का होगा और हर व्यक्ति की चाहत होगी कि उसके पास भी एक ड्रोन हो। जानकारों के मुताबिक आगामी पांच से 10 साल के भीतर हर घर में एक ड्रोन हो सकता है। हाल ही में चीन की स्मार्टफोन निर्माता कंपनी शाओमी का बनाया पहला ड्रोन सामने आया है। शाओमी एमआई ने इस ड्रोन की कीमत ड्रोन बनाने में मार्केट लीडर चीनी कंपनी डीजेआई के ड्रोन फैंटम 3 की कीमत की तुलना में काफी कम रखी है। फिल्मों की शूटिंग के लिए हवा से लिए जाने वाले शॉट्स के लिए हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल होता आया है, लेकिन तकनीक के विस्तार के कारण यह ड्रोन से भी मुमकिन हो गया है।

अब किफायती ड्रोन की ओर...

वर्तमान दौर में भले ही लोग स्मार्टफोन के पीछे दीवाने हों, लेकिन आने वाला वक्त ड्रोन का होगा और हर व्यक्ति की चाहत होगी कि उसके पास भी एक ड्रोन हो। जानकारों के मुताबिक आगामी पांच से 10 साल के भीतर हर घर में एक ड्रोन हो सकता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, ड्रोन का इस्तेमाल माल का वितरण, बुनियादी ढांचे की निगरानी, तलाश व बचाव तथा कृषि निगरानी कार्य में किया जा सकता है। जब ड्रोन बेहद मशहूर हो जाएंगे, तो आसमान में ड्रोन ही ड्रोन दिखाई देंगे, क्योंकि तब उनका वाणिज्यिक तौर पर इस्तेमाल शुरू हो जाएगा। गूगल, एमेजॉन, लॉकहिड मार्टिन, रेथेयॉन, एयरवेयर, ड्रोनडिप्लॉय, मैटरनेट, सिस्को तथा वेरिजॉन के साथ मिलकर नासा छोटे तथा कम ऊंचाई पर उड़नेवाले ड्रोन के एक एयर ट्रैफिक कंट्रोल प्रणाली के विकास की दिशा में काम कर रहा है।

मिलिट्री रेंज से बाहर

अब वह दौर आ गया है जब ड्रोन मिलिट्री और एडवेंचर स्पोर्ट की रेंज से बाहर निकल सकता है। अमेजन लगातार ड्रोन के जरिए सामान को पहुंचाने के तरीकों पर काम कर रही है। वहीं गूगल ड्रोन के जरिए दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट की सुविधा देने की तकनीक विकसित कर रहा है। अब साल ड्रोन के कमर्शियल इस्तेमाल की शुरुआत हो सकती है, हालांकि रेग्युलेटर्स की मंजूरी जरूरी होने के कारण शुरुआत सीमित होने की संभावना है। अगर ये टेक्नोलॉजी शुरू होती है तो आपको दुनिया में कहीं भी सामान और इंटरनेट मिल जाएगा। वहीं आम लोगों के लिए ज्यादा सुरक्षित ड्रोन भी मार्केट में उतरेंगे, इसमें सेल्फी ड्रोन भी शामिल है जो आपकी पहचान कर आपके आस-पास सुरक्षित दूरी पर उड़ने और फोटो खींचने के लिए प्रोग्राम्ड होगा।

आम लोगों का ड्रोन

चीन की स्मार्टफोन निर्माता कंपनी शाओमी का बनाया पहला ड्रोन सामने आया है। शाओमी एमआई ने इस ड्रोन की कीमत ड्रोन बनाने में मार्केट लीडर चीनी कंपनी डीजेआई के ड्रोन फैंटम 3 की कीमत की तुलना में काफी कम रखी है। एमआई ड्रोन की कीमत लगभग 25 हजार रुपए है जबकि फैंटम-3 की कीमत 50 हजार रुपए है। शाओमी का ड्रोन तकरीबन आधे घंटे तक हवा में रह सकते हैं। इसमें स्टेब्लाइज्ड कैमरे का भी विकल्प मौजूद है। पिछले दिनों मोबाइल बाजार मंदा रहा है और शाओमी अपने टार्गेट पूरे नहीं कर पाई है। कंपनी अपने इस कदम से ड्रोन के तेजी से बढ़ रहे कारोबार में कुछ कर दिखाना चाहती है। एमआई ड्रोन अपने आप एक जगह घेरे में घूम सकता है। एमआई ड्रोन और डीजेआई के फैन्टम-3 के फीचर लगभग एक से हैं। यह नया ड्रोन लोगों को अपील करेगा। लेकिन अनुभवी फ्लाएर्स को विश्वसनीय उत्पाद चाहिए और डीजेआई ने तकनीक के इस क्षेत्र में लंबा समय तय किया है। हालांकि यह नहीं कहा जा सकता कि शाओमी के ड्रोन कितने विश्वसनीय हैं, इसका वीडियो फुटेज कितना सच्चा है या इसका सॉफ्टवेयर कितने बेहतर तरीके से काम कर सकता है। अभी शाओमी को खुद को साबित करने में कुछ समय लगेगा।

एमआई ड्रोन की खासियत

शाओमी के एमआई ड्रोन में हाई-डेफिनेशन कैमरा होगा जिसकी रेंज 1 किलोमीटर होगी। इसकी कीमत है 25,000 रुपए। अगले वर्जन में 4के रेजोल्यूशन का कैमरा होगा और इसकी रेंज 2 किलोमीटर होगी और कीमत होगी लगभग 30,000 रुपए। एमआई ड्रोन काफी उच्च रेजोल्यूशन पर लाइव वीडियो को स्ट्रीम कर सकता है। डीजेआई के फैंटम-3 में भी 4के रेजोल्यूशन का कैमरा है और इसकी रेंज 1200 मीटर है। फैंटम-3 की कीमत है 50,000 रुपए है। शाओमी का कहना है कि ड्रोन आमतौर पर अमीर लोगों के लिए होते हैं, लेकिन शाओमी आम लोगों तक इसकी पहुंच बनाना चाहती है।

सबसे छोटा ड्रोन

अलग अलग तरह के ड्रोन कैमरे के साथ अब मार्केट में आ रहे है, लेकीन अब ॲक्सीस कंपनी ने व्हीडीएस नाम का सबसे छोटा ड्रोन लॉन्च किया है। ड्रोन का सबसे ज्यादा इस्तेमाल एरियल फोटोग्राफी में आजकल ज्यादा हो रहा है। ॲक्सीस कंपनी ने अपना यह पहला ही ड्रोन बनवाया है। इस ड्रोन की लंबाई 4.3 सेंटीमीटर है तो 2.5 सेमी की चौड़ाई है। इसमें एक छोटा सा कैमरा लगवाया गया है जिसकी मदद से आप 420 पिक्सल वीडीओ शुट कर सकते हो और आप इसकी लाईव्ह स्ट्रीमिंग अस ड्रोन कैमरे के ऐप के साथ आपके मोबाईलपर देख सकते हैं। यह ऐप आपके मोबाईल और रिमोट के साथ कंट्रोल किया जा सकता है। इस ड्रोन के साथ 150 मिली एंपिअर की बैटरी आती है जिसकी मदद से आप लगभग 20 मिनट तर इसे हवा में उड़ा सकते हैं। इस ड्रोन को कंपनी ने हर तरह से सुरक्षित बनाने का प्रयास किया है। अंधेरे में आपको यह ठीक से दिखाई दे इसलिए इसे एलईडी लाईट्स लगवाए गए हैं। इसकी कीमत लगभग 75 यूएस डॉलर्स है और जल्द ही यह ग्राहकों को उपलब्ध होगा।

फिल्मों की शूटिंग

फिल्मों की शूटिंग के लिए हवा से लिए जाने वाले शॉट्स के लिए हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल होता आया है, लेकिन तकनीक के विस्तार के कारण यह ड्रोन से भी मुमकिन हो गया है। शूटिंग के लिए हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल काफी महंगा साबित होता है। ड्रोन का इस्तेमाल युद्ध के मैदान में पिछले कुछ सालों से अमेरिका और अन्य ताकतवर देश करते आए हैं। फिल्म की शूटिंग में हालांकि यह नया नया प्रयोग है। एशिया में सस्ते प्रोसेसर और सेंसर मिलते हैं, जिनसे ड्रोन बनाना आसान और सस्ता हो गया है। जर्मनी के हैम्बर्ग स्थित ड्रोन कंपनी के लिए भी कारोबार का नया रास्ता खुल गया है। किस तरह का वीडियो बनाना है इस आधार पर ड्रोन चुना जाता है। फिर उस पर कैमरे लगाए जाते हैं। यह तकनीक पेशेवर फिल्म बनाने वालों के लिए वरदान साबित हो रही है। साथ ही इस तरह के ड्रोन को ऑपरेट करना बेहद आसान है।

ड्रोन इन ए फोन

अगर आपको सेल्फी क्लिक करना हो तो, स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं। अगर ग्रुप में एरियल फोटो खींचनी हो तो आजकल ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन अगर आपको एक ऐसा फोन मिल जाए, जिसमें ड्रोन भी हो, तो कैसा रहेगा। हाल ही में एक नया कॉन्सेप्ट तैयार किया गया है, जिसका नाम है ड्रोन इन ए फोन, इसमें फोन के साथ एक छोटा सा फोल्डेबल क्वाडकॉप्टर रहता है, जो फोन में बने बॉक्स के अंदर रखा जा सकता है। इस ड्रोन को फोन की बैटरी से पावर मिलती है और यह 25 मिनट तक उड़ सकता है। यह ड्रोन एक वायर के जरिए फोन से जुड़ा रहता है, ताकि तेज हवा में वह खो न जाए। लंदन की बज टेक्नोलॉजी नाम की एक कंपनी ने इस प्रोजेक्ट को फाइनल किया है। ड्रोन में कैमरे की क्षमता के बराबर ही कैमरा होगा। यानी 8 मेगापिक्सल कैमरा वाले फोन के ड्रोन भी इतनी ही क्षमता का कैमरा होगा। इसमें लगे कैमरे से स्टैंडर्ड, वाइड एंगल और मैक्रो तस्वीरें क्लिक की जा सकती हैं। बज टेक्नोलॉजी का कहना है कि इस प्रोटोटाइप के फाइनल होते ही इस साल सितंबर में इस स्मार्टफोन-ड्रोन को लॉन्च कर दिया जाएगा।

नौकरियों पर खतरा

वैश्विक बाजार में ड्रोन नौकरियों पर बड़ा खतरा बनकर मंडरा रहा है। एक शोध में दावा किया गया है कि ड्रोन तेजी से इनसानों की जगह ले रहे हैं। ड्रोन का वैश्विक बाजार अभी करीब दो अरब डॉलर का है जो 2020 तक बढ़कर 127 अरब डॉलर का हो जाएगा। गूगल और अमेजॉन जैसी बड़ी कंपनियां ग्राहकों तक सामानों की जल्द डिलीवरी के लिए इनका इस्तेमाल कर रही हैं। शोध के मुताबिक, छोटे ड्रोन न केवल कुरियर पहुंचा रहे हैं, बल्कि गगनचुंबी इमारतों की खिड़कियां साफ करने, बीमा दावों की जांच और फसलों पर कीटनाशकों के छिड़काव में भी प्रयुक्त हो रहे हैं। परामर्श देने वाली कंपनी पीडब्ल्यूसी के शोध के अनुसार, ड्रोन तकनीक बहुत जल्द ही हमारे रोजमर्रा के जीवन का अंग बन जाएगी।

ड्रोन को लेकर गाइड लाइन

देश में ड्रोन को लेकर कोई पॉलिसी नहीं है और इस वजह से ड्रोन स्टार्टअप समेत सभी स्टेक होल्डर कई मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। अब एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए ने भारतीय आसमान में मानवरहित विमान के इस्तेमाल से जुड़ी ड्राफ्ट गाइडलाइंस जारी कर दी हैं। गाइडलाइंस की कमी की वजह से ना तो देश में ड्रोन का सही तरीके से इस्तेमाल हो पा रहा था, और न ही सुरक्षा को होने वाले खतरे से निपटने का कोई कानून था। अब डीजीसीए ने जो ड्राफ्ट जारी किया है, उस पर स्टेकहोल्डरों से फीडबैक मांगा है। इसके आधार पर बाकायदा रेगुलेशन जारी कर दिया जाएगा। देश में ड्रोन को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे स्टार्टअप ने सरकार के इस कदम की तारीफ की है। ड्रोन पर आए ड्राफ्ट गाइडलाइंस के मुताबिक ड्रोन के कमर्शियल इस्तेमाल के लिए भी नियम-कायदे बनेंगे जैसे हर गाड़ी का नंबर प्लेट होता है ठीक उसी तरह ड्रोन को भी यूएनआई यानी यूनीक आइडेंटीफिकेशन नंबर दिया जाएगा। ये यूएनआई पाने के लिए आपको भारतीय नागरिक होना जरूरी होगा। साथ ही आपका बिजनेस भारत में ही होना होगा। ड्रोन के आइडेंटिफिकेशन प्लेट में आरएफ आईडी टैग या सिम होगा, जिसके जरिए ड्रोन की कंपनी के बारे में पता लगाया जा सकेगा। गाइडलाइंस के मुताबकि चार कैटेगरी के ड्रोन होंगे। आम लोग 2 किलो से कम वजन के ड्रोन 200 फीट से कम ऊंचाई पर उड़ा पाएंगे। ड्रोन पर जारी ड्राफ्ट गाइडलाइंस के मुताबिक जो 4 कैटेगरीज होंगी, उनमें 2 किलो से कम तक के ड्रोन माइक्रो कहलाएंगे। 2 किलो से 20 किलो तक के ड्रोन मिनी कैटेगरी में आएंगे। 20 किलो से 150 किलो तक के ड्रोन स्मॉल कैटेगरी में आएंगे, वहीं इससे बड़े ड्रोन लार्ज कहलाएंगे। उम्मीद है कि इस मसले पर अंतिम गाइडलाइंस आने के बाद देश में ड्रोन का बड़े पैमाने पर बिजनेस में इस्तेमाल होने लगेगा और आपके घर की छत पर सामान की डिलीवरी सीधे ड्रोन से होगी।

एक डुअल सिम वाले फोन पर दो व्हाट्सऐप अकाउंट

व्हाट्सऐप दुनिया भर में सबसे ज़्यादा चलने वाला फ्री मैसेज सर्विस है।100 करोड़ लोग से भी ज्यादा इसे इस्तेमाल करते हैं और भारत में अब करीब 10 करोड़ लोग इसे इस्तेमाल करते हैं। एंड्राइड फोन भारत में काफी पसंद किया जाता है और 80 फीसदी से ज्यादा लोग एंड्राइड ऑपरेटिंग सिस्टम वाले फोन ही इस्तेमाल करते हैं। डुअल सिम वाले फोन भारत में बहुत पसंद किए जाते हैं और बड़े और छोटे शहर में सभी लोगों के पास ऐसे फोन आपको मिल जाएंगे। कई बार लोग अपने काम और निजी नंबर को अलग रखते हैं और इसलिए व्हाट्सऐप भी अलग अलग रखने का प्रचलन बढ़ रहा है। ऐसा करने के लिए आपको थोड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी और स्मार्टफोन की सेटिंग में थोड़ा बदलाव करना होगा। लेकिन एक बार आपने ये कर लिए तो एक ही डुअल सिम वाले स्मार्टफोन पर दो व्हाट्सऐप अकाउंट चला सकेंगे।

पहली स्टेप इसके लिए आपको डुअल सिम वाला स्मार्टफोन चाहिए और उस पर दो एक्टिव मोबाइल नंबर चाहिए। डेटा सर्विस एक पर भी एक्टिव हो तो ये दोनों आपके लिए काम करेंगे। सबसे पहले अपने व्हाट्सऐप पर जाइए और वहां पर सेटिंग को चुनिए और फिर चैट सेटिंग को चुनिए। इसके बाद बैकअप चैट पर क्लिक कर दीजिए ताकि आपके सभी मैसेज का एक बैकअप तैयार हो जाए।

दूसरी स्टेप अब समय है अपने स्मार्टफोन की सेटिंग में जाने का और सेटिंग में ही जो ऐप का विकल्प है उसे चुन लीजिए। वहां पर व्हाट्सऐप को चुन लीजिए और क्लियर डेटा के विक्लप पर क्लिक कर दीजिए और उसे ओके कर दीजिए।

तीसरी स्टेप अब अपने डिवाइस के फाइल एक्स्प्लोरर पर जाइये और व्हाट्सऐप फोल्डर में पहुंच जाइए। वहां पर ऑप्शन पर क्लिक करके आप उसका नाम बदल कर ओ जी व्हाट्सऐप रख दीजिये और फिर ओके पर क्लिक कर दीजिए।

चौथी स्टेप इसके बाद फिर से सेटिंग में जाना होगा, उसके बाद ऐप और फिर व्हाट्सऐप। इसके बाद और व्हाट्सऐप को अनइंस्टॉल कर दीजिए। इसके बाद ओ जी व्हाट्सऐप को इस लिंक से डाउनलोड कर के इनस्टॉल कर लीजिए। इनस्टॉल करने के बाद इसे लॉन्च कर दीजिए। इनस्टॉल करते समय जो आप पहले मोबाइल नंबर इस्तेमाल कर रहे थे उसे लिख दीजिए। उसके बाद अपने पुराने चैट के बैकअप को आप रिस्टोर कर पाएंगे। अपनी सेटिंग को पूरा करने के बाद आपके पुराने नंबर का व्हाट्सऐप काम करने लगेगा।

पांचवी स्टेप अपने स्मार्टफोन के होमस्क्रीन पर आप ओ जी व्हाट्सऐप नाम के दो आइकॉन देख सकेंगे। अब अपने स्मार्टफोन के दूसरे नंबर के लिए आपको गूगल प्लेस्टोर पर जाकर व्हाट्सऐप डाउनलोड कर के इनस्टॉल करना होगा। उसके बाद जब उसमे अपना नंबर देने के समय आएगा तो वहां अपना दूसरा नंबर एंटर कर दीजिए। हो सकता है आपके अपना वेरिफिकेशन कोड भी एंटर करना पड़े। अगर आप ये वेरिफिकेशन कोड नहीं चाहते हैं तो व्हाट्सऐप से कॉल का विकल्प भी चुन सकते हैं। यह कॉल के समय जो छह डिजिट का वेरिफिकेशन कोड आपको बताया जाता है उसे आपको एंटर करना होगा। उसके थोड़ी देर के बाद आपका दूसरे नंबर वाला व्हाट्सऐप काम करने लगेगा। दोनों व्हाट्सऐप नंबर के अकाउंट के आइकॉन अलग अलग होंगे। ये करने के बाद आप काम के नंबर और निजी नंबर के व्हाट्सऐप को अलग अलग कर सकते हैं।

'गोल्ड व्हॉट्सेप' को न करें इंस्टॉल...

अधिकतर लोग व्हॉट्सेप पर एक्टिव रहते हैं। अगर आप भी व्हॉट्सेप यूजर हैं तो हो सकता है आपके पास पिछले कुछ दिनों में एक मैसेज आया होगा, जिसमें आपको अपग्रेड वर्जन 'गोल्ड व्हॉट्सेप' डाउनलोड करने की सलाह दी गई होगी। अगर आपके पास भी यह मैसेज आया है तो आप सतर्क हो जाएं। इस मैसेज में लोगों को सूचना दी जा रही है कि ये अपग्रेड वर्जन लीक हो चुका है और इसे सिर्फ बड़ी हस्तियां इस्तेमाल करती है। इसके साथ ही यूजर्स को ये बताकर चकमा दिया जा रहा कि इसमें वीडियो कॉल, गलती से भेजे गए मैसेज को हटाने की सुविधा और एक साथ 100 फोटोज भेजने की जैसी सुविधाएं है। आपके पास अब तक ये मैसेज नहीं आया है तो आप खुशकिस्मत है। वो इसलिए क्योंकि जिसके पास भी ये मैसेज आया है उनके साथ बहुत बड़ा धोखा दिया जा रहा है। व्हॉट्सेप ने ऐसा गोल्डन वर्जन जैसा कोई अपडेट लॉन्ज ही नहीं किया है। दरअसल यह हैकर्स की सोची समझी चाल है। इसमें यूजर्स को जाल में फंसाने की कोशिश की गई है। इसकी काफी संभावना है कि जिन यूजर्स के पास ये मैसेज आया है उस डिवाइस में वायरस आ चुका है। जल्द से जल्द मोबाइल में एंटी वायरस डाउनलोड कर लें ताकि हैकर्स आपके फोन का व्यक्तिगत डेटा इस्तेमाल न कर पाएं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136)